

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 21 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-144 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सीएम साय 10 दिन के विदेश दौरे पर

### जापान-दक्षिण कोरिया में निवेशकों से करेंगे मुलाकात

**रायपुर,21 अगस्त**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान और दक्षिण कोरिया के 10 दिवसीय विदेश प्रवास पर रवाना हो गए। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उन्हें विदाई देने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और विधायक पुरंदर मिश्रा मौजूद रहे।

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ नई औद्योगिक नीति के साथ तेजी से औद्योगिक विकास और निवेश का केंद्र बन रहा है। उन्हें विश्वास है कि यह प्रवास प्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन के नए अवसरों के द्वार खोलेगा।वे 21 से 31 अगस्त तक जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे बड़े उद्योगपतियों, निवेशकों और सरकारी



प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। विदेश दौरे का मकसद छत्तीसगढ़ में निवेश की नई संभावनाओं को तलाशना और उद्योग जगत को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करना है। सरकार का मानना है कि खनिज, ऊर्जा, स्टील और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में अपार अवसर मौजूद हैं। मुख्यमंत्री का यह दौरा इन्हीं संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की कोशिश माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि सीएम साय जापान की उन्नत तकनीक और दक्षिण कोरिया के औद्योगिक मॉडल का अध्ययन भी करेंगे, ताकि इन्हें छत्तीसगढ़ में लागू कर राज्य के विकास को नई दिशा दी जा सके। इसके अलावा वे निवेशकों को यह भरोसा भी दिलाएंगे कि राज्य सरकार निवेश के लिए सुरक्षित माहौल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और नीतिगत सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी से मिले सांसद महेश कश्यप, बस्तर दशहरे में शामिल होने का दिया न्योता

**नई दिल्ली,21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में हर साल आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का न्योता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच चुका है. बस्तर सांसद महेश कश्यप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे में शामिल होने का निमंत्रण दिया. पीएम मोदी ने इस आमंत्रण को स्नेहपूर्वक स्वीकार करते हुए भरोसा दिलाया कि वे समय निकालकर इस ऐतिहासिक पर्व का हिस्सा बनेंगे. सांसद महेश कश्यप अपनी धर्मपत्नी चंपा कश्यप और सुपुत्री क्षमता कश्यप के साथ प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे थे. मुलाक़ात के दौरान क्षमता कश्यप ने पीएम मोदी को सादर नमस्कार किया, जिस पर प्रसन्न होकर प्रधानमंत्री ने उसे टॉफी भेंट की. इस अवसर पर सांसद ने प्रधानमंत्री को बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक



धरोहर का प्रतीक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया. उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों के लिए आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं.

## संक्षेप

### दिल्ली के 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लगातार तीसरे दिन आया ईमेल

**नईदिल्ली,21 अगस्त ।** दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना बंद नहीं हो रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। गुरुवार को लगातार तीसरे दिन स्कूलों को ईमेल के जरिए धमकी दी गई है, जिसमें प्रसाद नगर और द्वारका सेक्टर 5 समेत अन्य इलाकों के 5 स्कूल शामिल हैं। धमकी की सूचना पर दिल्ली पुलिस बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड और अग्निशमन दल के साथ मौके पर पहुंच गया है। जांच जारी है। गुरुवार को सुबह 5 स्कूलों को ईमेल मिलने से पहले बुधवार को करीब 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी थी। सभी स्कूलों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद स्कूल खाली कराए गए और कई स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। पुलिस ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड के साथ छापा मारा, तो कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे 48 घंटे पहले सोमवार को 32 स्कूलों को धमकी दी गई थी।

दिल्ली पुलिस स्कूलों को लगातार धमकियां देने वाले लोगों को पकड़ नहीं पा रही है, जिससे इनके हौसले बुलंद हैं और वे लगातार ईमेल भेज रहे हैं। जनवरी से अब तक दिल्ली-एनसीआर के 74 शैक्षणिक संस्थानों, 70 स्कूलों और 4 कॉलेजों को बम से उड़ाने धमकियां मिल चुकी हैं। संदिग्ध लोग ईमेल को गूगल से न भेजकर वीपीएन, डार्क वेबसाइट्स या अन्य तरीके से भेज रहे हैं, जिससे उनका पता लगाना मुश्किल हो रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में जासूस कबूतर पकड़ाया

**श्रीनगर,21 अगस्त ।** जम्मू-कश्मीर में एक जासूस कबूतर पकड़ा गया है, जिसके पैर में एक धमकी भरा नोट बंधा हुआ था। नोट में जम्मू स्टेशन को इम्प्रोवाइज्ड एक्प्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से उड़ाने की धमकी लिखी थी। धमकी भरा नोट मिलने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर सख्ती बढ़ा दी गई है। साथ ही अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी अलर्ट घोषित किया गया है। अधिकारी कबूतर के सीमा पार पहुंचने की जांच कर रहे हैं। कबूतर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू से लगभग 40 किलोमीटर दूर आरएस पुरा सेक्टर के खटमारिया इलाके में पकड़ा है। नोट को उर्दू और अंग्रेजी भाषा में लिया गया था। उर्दू में लिखा था, कश्मीर हमारा है, समय आ गया है, आएगा, जबकि अंग्रेजी में लिखा था, जम्मू स्टेशन पर आईईडी विस्फोट, सब कुछ खत्म। बताया जा रहा है कि एक अन्य कबूतर 18 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 18 अगस्त को कबूतर बीएसएफ की 7 बटालियन के तहत कठमारिया बीओपी के करीब फॉरवर्ड डिफेंस पोस्ट-69 के पास गश्ती दल ने देखा था। अधिकारियों का कहना है कि यह घटना कोई विश्वसनीय धमकी नहीं बल्कि सीमा पार से शरारत प्रतीत हो रही है।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार में लिप्त है : आबकारी मंत्री

**रायपुर,21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेश में हुए शराब घोटाले को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आबकारी विभाग में बड़ा घोटाला हुआ. कांग्रेस का नाम ही भ्रष्टाचार है. 11 साल पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब भी भ्रष्टाचार किया गया. छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार (कांग्रेस के कार्यकाल) में आबकारी विभाग में घोटाला हुआ. इसके चलते विभाग की बदनामी हुई और उनके मंत्री (पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा) समेत कई



अधिकारी आज जेल में हैं. मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार से लिप्त है. सरकार में आने के बाद कांग्रेस वादों पर काम करने के बजाय भ्रष्टाचार करने में लगे रहे. आबकारी घोटाला, कोयला घोटाला, डीएमएफ घोटाला, सब कांग्रेस सरकार में हुआ है. सीएम साय आज विदेश दौरे के लिए रवाना हो चुके हैं. इसे लेकर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विदेश दौरा है. राज्य में नई उद्योग नीति के बाद 6 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आया है. जापान और दक्षिण कोरिया में उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे. मुख्यमंत्री विदेश से अच्छा निवेश लेकर आयेंगे. उद्योग को लेकर सीएम साय सक्रिय हैं. उनके विदेश दौरे से छत्तीसगढ़ में अच्छा निवेश आएगा.

## सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जम्मू-कश्मीर के 6 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया

**श्रीनगर,21 अगस्त।** सीबीआई ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक पुलिसकर्मी को कथित तौर पर हिरासत में प्रताड़ित करने के मामले में छह पुलिसकर्मियों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया. ये गिरफ्तारियां सुप्रीम कोर्ट के 21 जुलाई के निर्देश के बाद की गई है जिसमें जम्मू-कश्मीर में एक पुलिस कांस्टेबल के साथ क्रूर और अमानवीय यातना को गंभीरता से लिया गया था. अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार पुलिसकर्मियों में एक पुलिस उपाधीक्षक, एक निरीक्षक और एक सहायक उप-निरीक्षक शामिल हैं. आरोपी पुलिसकर्मियों को अपने हथियार और अन्य सरकारी सामान संबंधित जिला पुलिस लाइन में जमा करने का निर्देश दिया गया है.आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक - जो मानदेय पर काम करने वाला एक विशेष पुलिस अधिकारी है.

## तोमर ब्रदर्स की संपत्ति होगी कुर्क !

**रायपुर,21 अगस्त।** रायपुर के हिस्ट्रीशीटर तोमर ब्रदर्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है. जल्द ही तोमर ब्रदर्स की संपत्ति कुर्क की जाएगी. इसे लेकर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने जानकारी



दी है. रायपुर के हिस्ट्रीशीटर तोमर ब्रदर्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है. जल्द ही तोमर ब्रदर्स की संपत्ति कुर्क की जाएगी. इसे लेकर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने जानकारी दी है. तोमर ब्रदर्स की संपत्ति जल्द कुर्क की जाएगी. इसे लेकर रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन के पास संपत्ति कुर्क के लिए पेपर तैयार है. जल्द कार्रवाई की जाएगी. रायपुर के कुख्यात बदमाश वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर पुलिस रिकॉर्ड में पिछले दो महीने से फरार हैं. प्रशासन इनकी संपत्ति को कुर्क करना चाह रहा है, जिसे लेकर इन्हें नोटिस भी भेज दिया गया है. फरारी के दौर में गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ही भाइयों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और अग्रिम जमानत याचिका वकील के जरिए लगवाई है. इस मामले में 19 अगस्त को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई है. अग्रिम जमानत याचिका पर वकील की तरफ से अपना तर्क और पक्ष रखा गया है, लेकिन फिलहाल पुलिस का पक्ष नहीं आया है. लिहाजा हाई कोर्ट ने इस पूरे मामले में वैध दस्तावेज जमा करने के लिए SP को निर्देश दिए हैं. इसके बाद ही आगे सुनवाई होगी.

## नक्सली स्मारक पर तिरंगा फहराने पर नक्सलियों ने की हत्या

**कांकेर,21 अगस्त।** नक्सली हिंसा का चौंकाने वाला मामला सामने आया है. दो दिन पहले नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर आदिवासी युवक की हत्या की थी. इस घटना की असली वजह अब उजागर हुई है. जानकारी के अनुसार, युवक मनेश नरेटी ने (स्वतंत्रता दिवस) 15 अगस्त को नक्सलियों के स्मारक में तिरंगा फहराया था और भारत माता के जयकारे लगाए थे. इससे बौखलाकर नक्सलियों ने मनेश की हत्या की थी. पूरा मामला कांकेर जिले के बिनागुंडा गांव का है. इस घटना से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है. छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के बिनागुंडा गांव में सोमवार की रात



हथियारबंद नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर आदिवासी युवक मनेश नुरुटी को मौत की सजा सुनाई और बेरहमी से उसकी हत्या की थी. साथ ही माओवादियों ने कई ग्रामीण नेताओं और पुलिस अधिकारियों को भी खुली धमकी दी थी. बताया जा रहा है कि बिनागुंडा गांव के मनेश नुरुटी पर नक्सलियों ने पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया. उसे सोमवार की रात उसके घर से उठाकर गांव के बीच ले गए, जहां ग्रामीणों को मीटिंग के नाम पर पहले से ही इकट्ठा किया गया था. इस कथित जन अदालत में माओवादियों ने दो आदिवासी युवकों की पिटाई की. उन पर पुलिस को जानकारी देने और माओवादी गतिविधियों के बारे में सूचना देने का आरोप लगाया. इसके बाद माओवादियों ने मनेश नुरुटी को मौत के घाट उतार दिया. नक्सलियों ने परतापुर थाना इलाके में बैनर लगाकर इस घटना की जानकारी दी थी. माओवादियों की परतापुर एरिया कमेटी ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए पखांजूर थाना के प्रभारी लक्षण केंवट और अन्य पुलिस अधिकारियों पर आदिवासियों को गोपनीय सैनिक के रूप में काम कराने का आरोप लगाया था.

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,21 अगस्त।** लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदन की 37 घंटे की सीमित उत्पादकता के लिए सुनियोजित व्यवधानों और हंगामे को जिम्मेदार ठहराया, जो लक्षित 120 घंटे की चर्चा से कम थी। अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 21 जुलाई, 2025 को प्रारंभ हुआ। संसद के मानसून सत्र 2025 का अंतिम दिन होने के कारण, गुरुवार को लोकसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई, जबकि राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही समाप्त की और मानसून सत्र का औपचारिक समापन किया। सत्र के अंतिम दिन अपने अंतिम संबोधन में, लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में शिष्टाचार और परंपराओं के अभाव पर चिंता व्यक्त की और विपक्ष की सुनियोजित व्यवधानों और नारेबाजी के लिए आलोचना की। उन्होंने गरिमापूर्ण चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदन की 37 घंटे की सीमित उत्पादकता के लिए सुनियोजित व्यवधानों और हंगामे को जिम्मेदार ठहराया, जो लक्षित 120 घंटे की चर्चा से कम थी। अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 21 जुलाई, 2025 को प्रारंभ हुआ। इस सत्र में 12 विधेयक पारित किए गए। 28 और 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तरों से हुआ। 18 अगस्त को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भारत की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इस सत्र में 419 प्रकार के प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन सुनियोजित व्यवधानों के कारण केवल 55 प्रश्नों के ही उत्तर दिए जा सके। सत्र की शुरुआत में हम सभी ने योजना बनाई थी कि 120 घंटे की चर्चा होगी। कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) में इसके लिए आम सहमति बनी थी, लेकिन हंगामे और सुनियोजित व्यवधानों के कारण हमारी उत्पादकता केवल 37 घंटे ही रही। जनता हमें अपनी समस्याओं पर काम करने के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है, लेकिन कुछ दिनों से मैं देख रहा हूँ कि सदन में चर्चाएँ मर्यादा और परंपराओं के अनुरूप नहीं हो रही हैं। अध्यक्ष बिरला ने राजनीतिक दलों से अपने आचरण पर नियंत्रण रखने का आह्वान करते हुए कहा कि संसद के अंदर और बाहर सांसदों की भाषा गरिमामय होनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और संसद परिसर में की जा रही नारेबाजी और सुनियोजित व्यवधान हमारी परंपरा नहीं है। विशेषकर, इस सत्र में जिस भाषा का प्रयोग किया गया है, वह सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। हमें स्वस्थ परंपराओं का पालन करना चाहिए। सदन के अंदर गरिमापूर्ण चर्चा के प्रयास होने चाहिए। लेकिन मैं लगातार सुनियोजित विरोध और नारेबाजी देख रहा हूं।

## गणेश पंडालों लिए गाइडलाइन जारी

**रायपुर,21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर में आगामी गणेश उत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शहर में त्यौहार शांति, अनुशासन और सुरक्षित माहौल से संपन्न हो। इसके लिए प्रशासन ने समितियों को कई नियमों का पालन करने के आदेश दिए हैं। सड़क पर पंडाल लगाने से पहले समिति को प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) पर पूरी तरह रोक रहेगा। हर पंडाल में CCTV कैमरा लगाना अनिवार्य है। समितियां स्वयंसेवक तैनात करेंगी और रात में विशेष निगरानी रखनी पड़ेगी। गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर एडिशनल कलेक्टर उमाशंकर बंदे और एडिशनल एसपी लखन पटले ने समितियों की साथ बैठक की है। उन्होंने सभी आयोजन नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के निर्देशों के तहत आदेश दिया है। गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे भगवन गणेश के जन्मोत्सव के रूप में 10 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान भक्तजन गणपति बप्पा को अपने घर और पंडालों में विराजित कर विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि 26 अगस्त 2025 को दोपहर 01:54 बजे शुरू होगी और 27 अगस्त को दोपहर 03:44 बजे समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार, गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा.

## महाराष्ट्र में फिर कुछ बड़ा होने वाला है?

**मुंबई,21 अगस्त।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच गुरुवार हुई मुलाकात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में संवाद बनाए रखना एक परंपरा रही है। इससे एक दिन पहले ही मनसे और शिवसेना (UBT) को BEST चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वर्धा में पत्रकारों से बातचीत में पवार ने कहा, 'कई नेता एक-दूसरे से और मुख्यमंत्री से मिलते हैं, चाहे वे नेता सत्ता में हों या नहीं। एक-दूसरे के साथ संवाद बनाए रखना राज्य की परंपरा है। इस मुलाकात को राजनीतिक रंग देने की कोई जरूरत नहीं है।' इससे पहले राज ठाकरे ने फडणवीस से दक्षिण मुंबई में स्थित उनके आधिकारिक बंगले 'वर्षा' में मुलाकात की थी, जिससे राज्य के राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गई थीं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बेस्ट कर्मचारी सहकारी ऋण समिति का चुनाव मिलकर लड़ने वाली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राज ठाकरे की मनसे को बुधवार को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। दोनों पार्टियों ने पहली बार मिलकर कोई चुनाव लड़ा था, हालांकि उनका संयुक्त पैनल 21 में से एक भी पद नहीं जीत पाया। फडणवीस ने दोनों पार्टियों पर ''ठाकरे ब्रांड'' के नाम पर क्रेडिट सोसायटी चुनाव का



राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए शिवसेना (UBT) और मनसे के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाएं हो रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ठाकरे ने कहा, 'महाराष्ट्र के शहरों में पुनर्विकास हो रहा है। जनसंख्या बढ़ रही है..., यातायात बढ़ रहा है... और यहां बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। मुंबई में ट्रैफिक बड़ी समस्या है। लोगों को ट्रैफिक के नियम नहीं पता। वो कहीं भी गाड़ियां पार्क कर देते हैं और चले जाते हैं।' उन्होंने कहा, 'आज मैंने मुख्यमंत्री के साथ-साथ मुंबई पुलिस से चर्चा की।'

## बैंक मैनेजर की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर,21 अगस्त।** हाईकोर्ट ने मुद्रा लोन योजना में गड़बड़ी के आरोपी शाखा प्रबंधक की जमानत याचिका खारिज कर दिया है. आरोपी ने खाता धारकों के खातों में गड़बड़ी कर कुल 2,13, 71,637/- रुपए का गबन किया था. दरअसल, पश्चिम बंगाल निवासी आवेदक नियोजित विश्वास रायपुर के दोंदेखुर्द स्थित इंडियन बैंक में शाखा प्रबंधक था. उसने बैंक के ग्राहकों के विभिन्न खातों से 1,93, 81,637 रुपए की राशि निकाल ली. गबन उजागर होने पर बैंक के वर्तमान प्रबंधक ने विधानसभा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जो 04.11.2023 को एफआईआर दर्ज होने तक कुल 2,13,71,637 रुपए का गबन का मामला सामने आया. बताया गया कि आरोपी शाखा प्रबंधक ने इसमें से 19,90,000 रुपए स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न खातों में वापस कर दिए. पुलिस ने आरोपी को फरवरी 2025 को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया. जेल में बंद आरोपी ने हाई कोर्ट में जमानत आवेदन किया था. जिसमें दलील दी गई कि आवेदक को इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उसने खाताधारकों द्वारा



बैंक में जमा की गई राशि का दुरुपयोग नहीं किया है. इससे पहले बैंक ने एक चार्ट दाखिल किया था, जिसमें राशि बढ़कर 2.17 करोड़ रुपए हो गई थी, और बैंक ने अदालत के समक्ष हलफनामे में गलत जानकारी दी थी, जिसमें चार्ट में बार-बार लेन-देन दिखाया गया था, जो उस पर बकाया है.आवेदक ने बार-बार विवादित खातों का खाता विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, लेकिन आज तक उन्होंने उसे विवरण उपलब्ध नहीं कराया है, जो उसके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाता है.बैंक के वकील सलीम काजी ने जमानत आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि आवेदक ने जानबूझकर उन ग्राहकों की अधिकतम सीमा बढ़ा दी है, जो बैंक द्वारा संचालित मुद्रा योजना के सदस्य हैं. उन्होंने आगे कहा कि प्रारंभ में मुद्रा योजना की सीमा 1 लाख रुपए थी, जिसे बाद में 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 6 लाख रुपए कर दिया गया. आवेदक ने ग्राहकों के अनुरोध के बिना सीमा बढ़ाने के बाद ग्राहकों के बैंक खाते में जमा कर दिया, इस प्रकार आवेदक के खिलाफ धन के गबन के पर्याप्त सबूत हैं. हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि आवेदक शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत था, और उसे सार्वजनिक धन/सरकारी धन सौंपा गया था.

## एक नजर

### जुआ खेलते 4 गिरफ्तार



**भिलाई,21 अगस्त।** शांति नगर भिलाई 3 में जुआ खेलते 4 लोगों को पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 हजार 770 रुपए नगद रकम एवं 52 पत्ती ताश बरामद की है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि शांति नगर प्रशांत बंछोर का खुला मकान भिलाई 3 में प्लास्टिक का बना गोल चिन्ह से रूपये पैसों का हार जीत का दाव लगाकर जुआं खेल रहें हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने छापा मारते हुए सूरज कुमार सोनी के पास से 700 रुपए, फड से 1300 रुपए, हरीश तारक के पास से 500 रुपए फड से 2000 रुपए,, राजू मारकंडे के पास से 700 रुपए फड से 2400 रुपए और अश्वनी सिंघानिया के पास से 1170 रुपए फड से 2000 रुपए, कुल जुमला रकम 10770 रूपये को जब्त किया गया आरोपियों के खिलाफ छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की गई है ।

### स्पा में छापा, 7 संचालिकाएं गिरफ्तार

**भिलाई,21 अगस्त।** भिलाई सूर्या माल में संचालिक स्पा सेंटर एंड ब्यूटी सेलून में पुलिस ने दबिश देकर 7 संचालिकाओं को स्मृतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि चौकी प्रभारी स्मृति नगर भिलाई गुरविन्दर सिंह संधू के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित स्पा एण्ड सेलून टीआई सूर्यामाल जुनवानी में पूर्व में दबिश देकर समझाइश दी थी किन्तु न्यू एलोरा स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून की संचालिका झरना मंडल, रायल रिलेक्सिंग स्पा की संचालिका श्रीमती बी. मोला उर्फ रोशनी द फाइनिंग स्पा संचालिका प्रिया श्याम, द राईनिंग स्पा की संचालिका कनिष्का बिझाडे, स्पा सेलून एण्ड ब्यूटी के संचालिका कृतिमा देशलहरे, स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून की संचालिका श्रीमती संजू सिंह व स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून की दिशा बंजारे को पूर्व चेंकिग के दौरान शासन का नियमों के अनुसार चलाने एवं अवैध कार्य पर में संलिप्त नहीं रहने के संबंध में हिदायत दी गई थी। 19 अगस्त को चेकिग के दौरान पाया गया कि शासन के जारी किये गुमस्ता लायसेंस में मंगलवार को स्पा एण्ड ब्यूटी सेलून को छुट्टी रहने के कारण बंद करने का निर्देश दिये गये थे मंगलवार को टी. आई सूर्यामाल स्थित स्पा एण्ड सेलून को संचालित करना पाया गया था नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त करने पुलिस ने विभाग को लिखा पत्र।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**भिलाई,21 अगस्त।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे रोड पर शराब के नशे में रोड पार कर रहे एक युवक को अज्ञात दुपहिया वाहन ने अपनी चपेट में ले लियाइस दुर्घटना में घायल युवक की जिला अस्पताल दुर्ग में इलाज के दौरान मौत हो गई फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जाहिद खान (28 साल) निवासी शिवाजी नगर खुर्सीपार शराब के नशे में खुर्सीपार जीई रोड डबरापारा भिलाई चढ़ते समय पैदल रोड क्रॉस कर रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया इस दुर्घटना में जाहिद खान का पैर टूट गया था एवं मौके पर ही अत्यधिक रक्त स्राव हो रहा था इसकी जानकारी लगते ही स्वयं थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बिना इंतजार किये घायल युवक को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के पश्चात डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है

### गोगो पेपर बेचने पर पान ठेले वाला गिरफ्तार

**भिलाई,21 अगस्त।** भिलाई मादक पदार्थ पीने के साधन गोगो पेपर उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ पीने के साधन 25 नग गोगो पेपर जब्त की है पुलिस ने बताया कि टंकी मरोदा मैत्री गार्डन चौक स्थित पान ठेला में उपेंद्र शाह निवासी टंकी मरोदा मैत्री गार्डन चौक थाना नेवई जिला दुर्ग ने टंकी मरोदा में मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर उपलब्ध कराया जा रहा था उसे कई बार मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर बेचने से मना किया गया था उसके बाद भी उपेंद्र शाह ने मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर उपलब्ध कराया जा रहा था।

### निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**दुर्ग, 21 अगस्त ।** जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री की निर्धारित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल, उर्वरक निरीक्षकों एवं मैदानी स्तर पर मैदानी अमलों का ड्यूटी लगाकर सघन अभियान चलाते हुए मांग अनुरूप उर्वरकों की पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार 13 अगस्त 2025 की स्थिति में जिला कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर 11 निजी प्रतिष्ठानों में उपलब्ध 59.55 मि.टन डी.ए.पी. निर्धारित मूल्य पर विक्रय किया गया है।उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष सहकारिता क्षेत्र में कुल 44039 मि.टन का भण्डारण किया गया, जो कि गत वर्ष की वितरण की तुलना से 03 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान में प्राथमिक सहकारी समितियों में 2956 मि.टन शेष है, जिसका उठाव कृषकों द्वारा आवश्यकतानुसार किया जा रहा है।

# अवैध नल कनेक्शनों को काटने के लिए चलाया जाए अभियान:महापौर



**भिलाई-03।** भिलाई-चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे ने बुधवार को जल कार्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सभी 40 वार्डों के पंप ऑपरेटर और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने वार्डवार निजी एवं सार्वजनिक नल कनेक्शनों की जानकारी ली, जिसके दौरान कई अवैध कनेक्शनों की शिकायतें सामने आईं। इस पर उन्होंने गंभीर नाराजगी जताते हुए विभाग को निर्देश दिया कि अवैध कनेक्शनों को तत्काल काटने का अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई बिना किसी दबाव या भेदभाव के की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। महापौर ने यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने वर्षों से बिना कर चुकाए पानी का उपयोग किया है, उनसे बकाया टैक्स की वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक में जल विभाग के प्रभारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महापौर कोसरे ने एक दिन पूर्व विद्युत व राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी इसी तरह की बैठक में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### पालना सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 26 अगस्त तक

**भिलाई, 21 अगस्त ।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1 के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना में संचालित पालना केन्द्रों में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। नगर पालिक निगम रिसाली के आंगनबाड़ी केन्द्र आजाद मार्केट वार्ड क्रमांक 24 एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आंगनबाड़ी केन्द्र हुड़को वार्ड क्रमांक 70 के लिए आवेदन 26 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है।

नियुक्ति हेतु संबंधित ग्राम/वार्ड की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन पत्र एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01 जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किया जा सकता है।

# पालिका के उप अभियंता से अभद्र बर्ताव करने वालों के खिलाफ एफआईआर

**जामुल,21 अगस्त।** नगर पालिका कार्यालय जामुल में शासकीय कार्यालयीन समय में कार्य में बाधा डालने के कारण रश्मि वर्मा एवं संजय साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । गौरतलब हो कि 19 अगस्त का नपा कार्यालय जामुल में दोपहर 01 बजे के आसपास रश्मि वर्मा एवं संजय साहू द्वारा भीड़ लाकर हंगामा किया गया एवं उप-अभियंता सचिन भागवत के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील गालिया दी गयीं एवं मारपीट करने की धमकी दिया गया।

जिससे पालिका में कार्यरत अधिकारियो एवं कर्मचारियो में भय व्याप्त हो गया ।

जिस पर 20 अगस्त को उप-अभियंता द्वारा लिखित में शिकायत पत्र सी.एम.ओ. को दिया गया तत्पश्चात नगर पालिका प्रशासन ने पालिका कार्यालय जामुल हंगामा करने वाले रश्मि वर्मा एवं संजय साहू के खिलाफ जामुल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है जिसके तहत बी.एन.एस. की धारा 221, 296, 351(3) के तहत मामले को विवेचना में लिया गया है। साथ ही उक्त घटना क्रम के संबंध में कलेक्टर जिला-दुर्ग, पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी, नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग, अध्यक्ष. न.पा.प. जामुल एवं अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 03 को भी घटना के संबंध में पत्र प्रेषित कर जानकारी दी गई है ।

# अंडर-14 एवं अंडर-19 क्रिकेट टीम चयन के लिए पंजीयन प्रारंभ

**भिलाई, 21 अगस्त ।** आगामी क्रिकेट सत्र 2026-27 के लिए अंडर-14 एवं अंडर-19 क्रिकेट टीमों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इन टीमों को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। पंजीयन की प्रक्रिया 22 एवं 23 अगस्त को क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इसमें संयंत्र के कर्मचारियों के वार्ड (बच्चों) के साथ-साथ भिलाई परिधीय क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। अंडर-14 आयु वर्ग के लिए जन्म तिथि 01 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच और अंडर-19 आयु वर्ग के लिए 01 सितम्बर 2007 से निर्धारित सीमा तक जन्म लेने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। पंजीयन के समय प्रतिभागियों को पिछले छह वर्षों की अंकसूची, डिजिटल या मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र, फोटो सहित पीवीसी आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो (मूल और प्रतिलिपि सहित) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। केवल वही खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे जिन्होंने निर्धारित तिथियों पर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की होगी।

# मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए जनसहयोग जरूरी: पांडेय

**भिलाई, 21 अगस्त ।** नगर निगम में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, डॉ रश्मि ग्लैड जिला मलेरिया अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ । निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड-33 संतोषी पारा अंतर्गत हुडको क्वार्टर न्यू संतोषी पारा में महिला स्व सहायता समूह महिला मित्रों, निगम का विशेष दस्ता एवं जोन -3 के मैदानी स्वास्थ्य अमले द्वारा जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य, मलेरिया, डेंगू से मुक्ति, मच्छरदानी का उपयोग आदि प्रमुख हैं। विभिन्न नारों के साथ सामूहिक रैली निकाली गई। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया जैसे रोग मच्छरों के माध्यम से ही फैलते हैं। इन रोगों की रोकथाम, नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु आम नागरिकों में जन जागरूकता लाने एवं जन समुदाय के सभी सदस्यों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में निर्धारित रोस्टर अनुसार मच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण का कार्य निरंतर जारी है। इस आयोजित रैली में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, सुदामा परगनिहा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव, स्वच्छता पर्यवेक्षक राजेश डाहरे,दुकालू राम खुटेल एवं जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, उमेश कपूर तथा महिला समूह से आश्मीन खातून, दुलारी चंदेल,मधु जोशी ,निशा एवं सभी महिला दीदियों का सहयोग रहा।




# आयुक्त ने निर्माणाधीन कार्यों को अविलंब पूर्ण करने के दिए निर्देश

**भिलाई, 21 अगस्त ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, मोहल्ले एवं नालियों की सफाई, जीव्हीपी प्वाइंट, निर्माणाधीन डोम शेड, स्कूल एवं वेडिंग जोन का निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड पार्षद पति दिवाकर के साथ वार्ड क्रं. 32 बैकुंठ धाम मंदिर के पीछे निर्माणाधीन सी.सी.रोड का भी निरीक्षण किया। वहीं मोहल्ले एवं नालियों की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों का जायजा लेते हुए आयुक्त पांडेय ने आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे को निर्देशित किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से मिलकर आसपास के समस्याओं के बारे में चर्चा भी की। वार्ड में निर्माणाधीन डोम शेड का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने कार्य को अविलंब पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किया। साथ ही जीव्हीपी प्वाइंट में ब्यूटीफिकेशन कराते हुये सुधार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीपस्थ युग निर्माण स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल संचालक से जमीन एवं बिल्डिंग के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है। चूंकि स्कूल भवन बहुत पुराना है इसलिए भवन संधारण कराने हेतु चर्चा किया गया। वार्ड क्रं. 37 पावर हाउस लाल मैदान में डोम शेड निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका स्थल अवलोकन किया गया। समीपस्थ स्थित पुलिस ग्राउण्ड के सामने नंदनी रोड साईड वेडिंग जोन निर्माण हेतु स्थल अवलोकन कर कार्यावाही हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामंणी यादव एवं श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।





# शासकीय विद्यालय चंगोरी में बाउंड्रीवाल एवं मंच का हस्तांतरण

**भिलाई, 21 अगस्त ।** शासकीय प्राथमिक शाला, चंगोरी में नवनिर्मित बाउंड्री वाल एवं कला मंच का विधिवत हस्तांतरण 20 अगस्त को आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक ए. बी. श्रीनिवास रहे। मुख्य अतिथि ए. बी. श्रीनिवास ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा टीम को बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, शाला के प्रधानाचार्य पवन गायकवाड़, ग्राम सरपंच श्री हीरामन देशमुख, शिक्षक विजय बेलचंदन, आरईएस प्रतिनिधि श्री रामटेके, उप महाप्रबंक आर. के. गर्ग, उप महाप्रबंधक श्रीमती अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक के. के. वर्मा, अनुभाग अधिकारी सुश्री के. वी. विजयलक्ष्मी एवं कार्यालय सहायक बुधेलाल सहित सीएसआर विभाग के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पोषण मेला में पोषण के महत्व पर किया जागरूक

**मोहला 21 अगस्त ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी सेक्टर मुख्यालयों में पोषण मेला का आयोजन किया गया।आयोजन का उद्देश्य जनसमुदाय को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा विशेषकर गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माता एवं बच्चों को संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति प्रोत्साहित करना था। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण थाली प्रदर्शनी, स्थानीय खाद्यान्न से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी, स्तनपान एवं पूरक आहार का महत्व, एनीमिया निवारण तथा स्वच्छता संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं।

# छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने सभी स्कूलों में किया गया डस्टबिन वितरण

**भिलाई, 21 अगस्त ।** नगर निगम के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने एवं स्वच्छता में सहयोग देने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर के सभी स्कूलों हेतु आई.डी.बी.आई बैंक के सी.एस.आर मद से डस्टबिन वितरण किया गया। डस्टबिन वितरण के दौरान आई.डी.बी.आई बैंक के मैनेजर एवं स्टाफ उपस्थित रहे। निगम आयुक्त द्वारा बच्चों एवं शिक्षिकाओं को स्कूल परिसर, घरों एवं आस-पास क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने हेतु अपील किया गया। नगर निगम भिलाई का आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 01 आने हेतु सभी को प्रयास करने की जरूरत बताया। सभी छात्र-छात्राओं से सफाई से संबंधित सवाल-जवाब भी किया गया। गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डिब्बे में डालने के संबंध में बताया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किये। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, सागर दुबे, पीआईयू अभिनव ठोकने उपस्थित रहे।



### युवाओं में नशा करने की आदत चिंता का विषय

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में युवाओं में गुटखा खाने ओर शराब पीने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंतनीय विषय है और भविष्य में युवाओं को केंसर या बहुत सारी बीमारी भी होने या लीवर खराब होने का खतरा बढ़ सकता है । बहुत सारी दुकान में बिना लाइसेंस के लोग कवर्धा में गुटखा बेच रहे है या कई गांवों या शहरों में बिना लाइसेंस के गुटखा बेच रहे है । छात्रों और युवा भी नशा करते हुए देखें जाते है । अच्छे लोग दबी जुबान से चर्चा करते हैं की अब समय आ गया है की कुछ दिनों के लिए शराब बिकना बंद हो जाना चाहिए । सभी पंचों, उपसरपंच और जनप्रतिनिधियों को नशा मुक्ति अभियान पर ध्यान देना चाहिए ।

# सोंढूर डैम ईको पार्क बनेगा आकर्षण का केंद्र :कलेक्टर

**धमतरी, 21 अगस्त ।** धमतरी जिले में पर्यटन को लेकर प्रशासन लगातार नए प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में नगरी विकासखंड स्थित सोंढूर डैम का ईको पार्क अब और आकर्षक रूप में विकसित होगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज यहां पहुंचकर पार्क का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के आईएफएस ऑफिसर श्री वरूण जैन, एसडीएम नगरी सुश्री प्रीती दुर्गम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह इलाका प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि ÷गांव आपका है, आप सब मिलकर इसे संवारें, ताकि यह स्थल पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने सुझाव दिया कि गांव में एक पर्यटक समिति का गठन किया जाए, जो पार्क के रख-रखाव और आसपास के क्षेत्र के विकास में सहयोग करे। कलेक्टर ने पार्क में सौंदर्यीकरण, बोटिंग सुविधा, पक्षियों और जानवरों की फोटोग्राफी व्यवस्था, बेहतर सड़कों का निर्माण तथा सड़कों के किनारे फूलदार पौधों के रोपण पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित न रहे, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार उपलब्ध हो। इसके लिए उन्होंने होमस्टे व्यवस्था और छोटे-छोटे दुकानों की शुरुआत करने का सुझाव दिया।

# दादी प्रकाशमणि स्मृति में एक लाख यूनिट रक्त संग्रह कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य

**भिलाई, 21 अगस्त ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा स्थित आनंद सरोवर में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसएसपी विजय अग्रवाल पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उपस्थित सभी जनों को सामाजिक सुरक्षा व साइबर अपराध की जानकारी दी । ब्रह्माकुमारी रूपाली दीदी के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा कराई गई। उल्लेखनीय है कि दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इन्हीं शिविरों की श्रृंखला में जिला चिकित्सालय दुर्ग में 24 अगस्त रविवार को प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका रीटा दीदी ने बताया कि यह शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करेगा, बल्कि समाज में मानवता और बंधुत्व की भावना को भी सशक्त करेगा।



# क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी ने किया ऊर्जा शिक्षा उद्यान का निरीक्षण



**दुर्ग, 21 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी ने विगत दिवस पाटन विकासखंड अंतर्गत ऊर्जा शिक्षा उद्यान पंदर-देमार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री सवन्नी ने निर्माणाधीन फूड जोन (कैंटीन/कैफेटेरिया) को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क के कोई पाउंड क्षेत्र में आकर्षक वॉटरफॉल निर्माण, कबड्डी एवं रेसलिंग एरिया के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु भी अधिकारियों को कहा। पार्क परिसर में शेष विद्युतिकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार सुरक्षा प्रहरियों की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी के साथ जिले के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण

**महासमुंद 21 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मामाभांजा एवं बी.के. बाहरा में किये जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में उतरकर चल रहे सर्वे कार्य का अवलोकन किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण अवसर पर एसडीएम बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू, तहसीलदार तहसीलदार नितिन ठाकुर, हल्का पटवारी अरविंद कुमार साहू और रामकुमार साहू उपस्थित रहे। इसी तरह कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विकासखण्डों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति का जायजा और किसानों से उनकी समस्याओं तथा फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी सतत प्राप्त किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे की सटीकता से जिले में कृषि से संबंधित योजनाओं एवं किसानों के हित में उपयोगी आंकड़े उपलब्ध होंगे। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुनिश्चित करने कहा कि सर्वे कार्य पारदर्शिता व गम्भीरता से संपन्न हो। डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान ग्राम मामाभांजा में कृषक श्री सिद्धार्थ प्रताप, श्री भीम सिंह, श्रीमती अवन एवं ग्राम बी. के. बहारा में कृषक श्री भूतेश्वर, सुकवारो, श्री लाल जी, पान बाई बरिहा, ग्राम सरपंच एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान सर्वेयर चूमन पटेल, ढाल सिंह ध्रुव के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया गया। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा ने बरोंडा में डीसीएस गोदावरी का निरीक्षण किया।

### ग्राम भेड़ीकला की लखपति दीदी संगीता ने कायम की महिला सशक्तिकरण की मिसाल

# रेडिमेड कपड़े की दुकान से सालाना 6 लाख की हो रही आमदनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 21 अगस्त। ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान महिलाओं की आर्थिक उन्नयन की दिशा में सार्थक साबित हो रही है। स्वसहायता समूह की महिलाएं बिहान के माध्यम से लघु उद्यम प्रारंभ कर आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बन रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़ीकला की लखपति दीदी संगीता देवांगन ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने रेडिमेड कपड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया और उन्हें कामयाबी मिली। उन्होंने बताया कि वे लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़ी है और समूह से 50 हजार रूपए ऋण लेकर उन्होंने रेडिमेड कपड़े का दुकान प्रारंभ किया। समूह के माध्यम से माध्यमिक शाला भेड़ीकला में मध्यान्ह भोजन के संचालन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही बैंक सखी के रूप में कार्य करती है और उनकी वार्षिक आय लगभग 6 लाख रूपए है।



लखपति दीदी संगीता देवांगन ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो गई है और आगे भी इस व्यवसाय को बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बिहान से जुड़कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। शासन की यह योजना महिलाओं के लिए बहुत अच्छी है। संगीता देवांगन ने बताया कि व्यवसाय प्रारंभ करने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी हुई। बिहान से जुड़ने के बाद बैंक लिंकेज के माध्यम से आसानी से लोन मिल जाता है, जिससे व्यवसाय करने में सुविधा होती है। उन्होंने बताया कि वे ऑनलाईन सेंटर के माध्यम से आधार कार्ड, पेनकार्ड, नक्शा-खसरा, ऑनलाइन फार्म, बैंकिंग सेवाएं, श्रमिक कार्ड पंजीयन, बिजली बिल व मोबाईल रिचार्ज, फोटो कापी, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य करती है। जिससे उन्हें अतिरिक्त आय हो रही है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा।

# किसी साथी को कमजोर पाते हैं तो उसकी मदद करें : मुनि वीरभद्र

### चातुर्मासिक प्रवचनः पवित्र भोजन भीतर जाता है तो व्यक्ति में परिवर्तन अवश्य आता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 21 अगस्त। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि संघ का महत्व तभी होता है जब आप अपने आपको गौण मानकर संघ में शामिल प्रत्येक साथी को महत्व दें। अपने किसी साथी को यदि आप कमजोर पाते हैं तो आप उसकी मदद करें। भले ही वह आपका कर्जदार हो किंतु आप उस समय कर्ज को भूलकर उसे सांत्वना दें कि आपको यदि और सहयोग की जरूरत पड़े तो हम करेंगे।



जैन बगीचे के नए हाल में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में प्रख्यात जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि यदि पवित्र भोजन भीतर जाता है तो व्यक्ति में परिवर्तन अवश्य आता है। किसी भी व्यक्ति को कमजोर ना समझें। आप उदारता से उसका सहयोग करें ताकि वह आपकी तरह साधार्मिक भक्ति कर सके। पर्युषण पर्व के दौरान जो भी आराधना होती है, तत्वों को समझकर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ते जाएं। मुनि ने कहा कि रथ यात्रा कभी विफल रही होती, बरघोड़ा कभी विफल नहीं होता। हम कहीं ना कहीं उसकी वास्तविकता को समझ नहीं पाते। यह परमात्मा को आकर्षित करता है। बरघोड़ा निकालते समय कुछ ऐसा भी आयोजन करते जाएं कि लोग धर्म के प्रति प्रेरित हों।

जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने फरमाया कि हर मौसम का अलग-अलग प्रभाव होता है। मौसम के अनुसार वस्तुओं का व आराधना का प्रभाव भी अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि अपना विवेक जागृत होना चाहिए, कि किस फील्ड में मेरी जरूरत है और यह विवेक भी होना चाहिए कि मुझे करना क्या है? धर्म के कार्यों में पैसा कभी पेंडिंग नहीं रखना चाहिए। धर्म के क्षेत्र में यदि अपना पैसा पेंडिंग होता है तो यह दुःखदाई होता है। अपने को अपने द्रव्य का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करना चाहिए। गुरु के कार्य के लिए यदि कुछ करना पड़े तो भी वह करें। रोज परमात्मा के दर्शन और एक सामायिक अवश्य करें। जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा की भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। धर्म के काम में जितना लगाओगे उससे ज्यादा ही पाओगे। शासन के कार्यों का लाभ लेने का मौका ना छोड़ें। जिनवाणी श्रवण करने का कोई भी मौका न चूकें।

## एक नजर

### मोहल्ले में हुडदंग मचाने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव, 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा0पु0से0) के दिशा निर्देश पर असमाजिक तत्वो पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कडी में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक संतोष मरकाम पिता स्व0 रामअवतार मरकाम उम्र 23 साल निवासी बसंतपुर के विरूद्व धारा 170, 126, 135(3) बीनएसएसएस के तहत् कार्यवाही किया गया तथा अभियान के तहत् गिरफ्तारी वारंटी 01. भागवत नेताम उर्फपण्डा पिता स्व0 शेरसिंह नेताम उम्र 19 साल निवासी ढीमरपारा राजनांदगांव 02. तामेश्वर यादव पिता विजय यादव उम्र 22 साल निवासी बंगाली चाल राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी एवं अनावेदक को संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंटी एवं अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग का दौरा कार्यक्रम

**राजनांदगांव, 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग 22 अगस्त 2025 को आधिकारिक निरीक्षण के उद्देश्य से जिले का दौरा करेंगे। जिला प्रवास के दौरान आयोग के अध्यक्ष गिरिधारी नायक प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस बलौदाबाजार में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक करेंगे। दौरे में अध्यक्ष के साथ सदस्य गोविन्द कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, संयुक्त संचालक मनीष मिश्रा, डीएसपी माया असवाल सहित निरीक्षक एवं कंस्टेबल भी रहेंगे।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 29 व 30 को

**राजनांदगांव, 21 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु तृतीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों क़ा काउंसलिंग 29 एवं 30 अगस्त 2025 क़ो प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सिटी कालोनी के सामने रायपुर में होगा। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 29 अगस्त 2025, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 30 अगस्त 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक भाग ले सकते है।

### आरक्षक ने किया अज्ञात व्यक्ति की लाश का अंतिम संस्कार



**भाटापारा, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अज्ञात मृतिका उम्र करीबन 60 वर्ष जो इलाज के लिए सीएचसी भाटापारा से (108) एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल ब.बाजार लाया गया था। जो इलाज के दौरान मृत्यु हो गया जिले संबंध में भाटापारा (शहर) व आस पास के गांव में व बस स्टैंड रेल्वे स्टैड के पास पता किया। एवं बलौदा बाजार के आस पास के गांव व बस स्टैंड व थाना क्षेत्र बलौदा बाजार/भाटापारा शहर/ग्रामीण क्षेत्र में पता किया जो नहीं पता चलने पर जिला अस्पताल में पदस्थ प्रधान आर. पीलाराम घृतलहरे आर. कामदेव गायकवाड़ के द्वारा व शंकर बघेल के द्वारा विधि विधान के द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

### भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर विविध आयोजन

# आधुनिक भारत के सूत्रधार थे राजीव गांधी : कांग्रेस

■ जयंती पर युकां ने किया रक्त दान व सिंगदई वार्ड में पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 21 अगस्त। ''देश नहीं बनता है मिट्टी, गिट्टी मकानों से, मां का मस्तक उंचा होता है ऐसे वीर जवानों से'' 21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी को भारत की प्रगति का आधार मानने वाले एवं कम्प्यूटर क्रांति, पंचायती राज के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का बुधवार 20 अगस्त को 81वां जन्मदिवस पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा कर विविध आयोजन पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया गया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों द्वारा स्व.राजीव गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए जो कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया वह उल्लेखनीय है यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है ताकि देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो, वहीं पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया।

संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व.राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि आज जो नए भारत विकसित भारत दिख रहा है उनके दूरगामी सोच का नतीजा है, किन्तु विपक्षी पार्टी उनके किए गए कार्यों को अपने नाम बताकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है। हमें जनता को बताना हो कि स्व.राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे वे देश के लिए जिऐ और जान दी।

छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने स्व.राजीव गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दूरगामी सोच के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध थे राजीव गांधी जी, त्रिस्तरीय पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती के लिए कई अहम फैसले लिए।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्व. राजीव गांधी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी के समावेशी विकास की दूरदर्शितापूर्ण सोच के साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, संचार क्रांति एवं युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे निर्णयों से उन्होंने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी। स्व. राजीव गांधी की सोच का नतीजा है कि आज संचार क्रांति के माध्यम से विश्व के किसी भी कोने से बात कर रहे, युवाओं को रोजगार की बात हो यह सब राजीव गांधी की देन है।

# मेगा हेल्थ कैंप का लाभ 300 लोगों ने उठाया

### रजत जयंती महोत्सव पर विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रकार की समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के ग्राम पंचायत राजादेवरी में महतारी मेंगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत राजादेवरी एवं उसके आश्रित ग्राम मुगुलभाठा, नगेड़ा नगेड़ी के ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाए एवं सोनाखान परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए एवं सहायिकाएं उपस्थित हुई। मेगा हेल्थ कैंप में किशोरी बालिकाओं एंव महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन का परीक्षण, शुगर एवं बीपी की जॉच की गई। महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की जॉच के साथ गंभीर कुपोषित बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 9 बच्चों को एनआरसी हेतु संदर्भित किया गया। उपस्थित समुदाय को पोषण आहार, खान पान के बारे से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल की 14 सदस्यीय टीम शामिल हुई जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 300 हितग्राही लाभान्वित हुए। टीम का नेतृत्व आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.महेंद्र मिरी एवं डॉ, खूशबू नारंग ने किया। इसी तरह पलारी परियोजना अंतर्गत ग्राम गिर्रा में हाट बाजार में व्यंजन की प्रदर्शनी की गई जिसमे रेडी टू ईट से निर्मित पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित कर उनके पोषण आहार में उपयोगिता के बारे में जनसमुदाय को जानकारी प्रदान की गई।




### जिपं सीईओ ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण एवं पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता राम प्रसाद जोशी को अवैतनिक करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, मनरेगा योजना में जल संचयन के कार्य, एनआरएलएम में आरएफ व सीएफएफएवं संतृप्तता तक समूह गठन, एसबीएम अंतगर्त एफएसटीपी प्लास्टिक वेस्ट मैनजेमेंट एवं ओडीएफ की स्थायित्व बनाये रखने के साथ ही अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रगति की गहन समीक्षा किया गया। सभी संबधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये।

## समाचार संक्षेप

### बैगा साल्हेवारा कबड्डी स्पर्धा में बीजागोड़ रहा विजयी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साल्हेवारा, 21 अगस्त।** खैरागढ़ जिले के समस्त बैगा कर्मचारी के तत्वधान में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्राम बैगासाल्हेवारा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन रखा गया जिनमे 24 टीमों ने भाग लिया जिनमे प्रथम स्थान -बीजागोड़ बेमेतरा पुरस्कार 10000 रु. दूसरा स्थान-बंजारपुर इनाम 5000रु. तृतीय स्थान -बरगांव के टीम रहा। मुख्य अतिथि के रूप में बैगा समाज प्रमुख रहा। बरन मेरावी सरपंच गेरुखदान, जीवन मेरावी समाज जिलाधक्ष, अमरलाल नेतामपूर्व समाज सचिव, चैतलाल मेरावीपूर्व मुड़ादार, रामलाल मरकामसमाज सचिव, महेश मरकाम, अमरसिंह मरकामपूर्व जिलाध्यक्ष रहे।

निर्णायक की भूमिका में डॉ.अनिल यादव, राजकुमार मरकाम, मनोज मरकाम, संतलाल मरकाम, शिव खुसरो, फत्तेसिंह धुर्वे, शीतल नेताम सर रहे। उत्कृष्ट धमाकेदार कमेंटर की भूमिका में - महासिंह मरकाम, आशीष यदु सर रहे। आयोजक - खैरागढ़ जिले अंतर्गत पदस्थ समस्त बैगा कर्मचारी गण शिक्षक, भृत्य कर्मचारी है जो मुख्यतः अर्जुन मरकाम, लोमनसिंह मेरावी, छोटेलाल मेरावी, सुखुराम मरकाम, दशरथ मंडावी, दुर्गाप्रसाद मेरावी, सुकराजी मेरावी, परदेशी मेरावी, कीर्तन मेरावी, दशरू मेरावी, टार्जन नेताम, राधेलाल मरकाम, राजेश धुर्वे, कुमार पोर्ते, मनत मंडावी, हेमलाल मेरावी भागवत मेरावी, सरजू मरकाम, रामचंद धुर्वे, नरोत्तम, जीवन मेरावी, जेठू मेरावी, कुमेश सैय्याम तथा समस्त बैगा कर्मचारी के द्वारा विशेष सहयोग रहा। मेजबानी एवम विशेष सहयोग समस्त ग्रमावासी बैगासालहेवारा की रही।

# ग्राम पंचायत मोहतरा में जल्द शुरू होगा गोधाम



■ घुमन्तू पशुओं के लिए 24 घण्टे रहेगी विश्राम एवं चारे की व्यवस्था

■ पशुधन सुरक्षा, नस्ल सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

■ कलेक्टर ने मोहतरा में गोधाम का किया निरीक्षण, व्यवस्थित संचालन के लिए दिये जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। जिले के बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहतरा में गौधाम जल्द शुरू होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को मोहरा पहुंचे और गौधाम हेतु आवश्यक निर्माण एवं संचालन व्यवस्था क़ा जायजा लिया। उन्होंने अधूरे कार्यो को 10 दिवस में पूरा करने तथा आपसी समन्वय से बेहतर संचालन के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने गौधाम हेतु निर्मित पशु शेड, चारा कक्ष, चरागाह, सेग्रीगेशन शेड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौधाम शुरू होने से ग्रामीणों को कई तरह के फायदे होंगे। घुमन्तु पशुओं के लिए यहां 24 घण्टे विश्राम और चारा की व्यवस्था होगी। सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को यहां रखा जाएगा जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी और फसल को नुकसान भी नहीं होगा। उन्होंने गौधाम के बेहतर संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीणों को सहयोग करने तथा पशु प्रबंधन में बेहतर पंचायत बनाने कहा।उन्होंने समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा कचरा संग्रहण कार्य कको सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होनेड्डपशु प्रबंधन हेतु एक और शेड निर्माण करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये।

# सहकार से समृद्धि को साकार करने सहकारी समितियों को करें सक्रिय: कलेक्टर

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में कई योजनाओं की समीक्षा की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला साहकरी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अन्न भण्डारण योजना अंतर्गत 2500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण, नवीन बहुउद्देशीय पैक्स, पैक्स कम्प्यूटराजेशन, नवीन जनऔषधि केंद्र स्थापित करने हेतु समिति चयन, एलपीजी डिस्ट्रिब्यूशन, परिवहन सुविधा केंद्र की स्थापना आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने के लिए सहकार से समृद्धि की परिकल्पना की गई है। इसकी मॉनिटरिंग राज्य सरकार द्वारा सतत रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को सक्रिय करे ताकि लोगों को पूर्ण रूप से इसका फायदा मिल सके। उन्होने दुग्ध समिति, मछुआ समिति, वन समितयों का तेजी से पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बलौदाबाजार में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर हेतु आवेदन प्राप्त कर आवश्यकता कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके साथ ही पैक्स में परिवहन सुविधा केंद्र शुरू करने के भी निर्देश दिये। परिवहन सुविधा केंद्र में लर्निंग लाइसेंस बनाने के साथ ही आरटीओ सबंधित ऑनलाइन कार्य होंगे। कलेक्टर ने जिले में संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र लाहोद, अमेरा एवं वटगन में दवाई की बिक्री बढ़ाने हेतु सामुदायिक स्वस्थ केंद्र को जनेरिक दवाईया का उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने तथा नवीन प्रस्तावित समिति कुम्हारी एवं तरेंगा मे ड्रग लाइसेंस की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के पश्चात, जल्दी ही दुकान खोलने संबंधी निर्देश दिए। केंद्र शासन के महत्वपूर्ण योजना पीएसीएस कंप्युटराइजेशन कार्य अंतर्गत सभी 129 समितियों को गो लाईव करने, सहकारी समितियों मे सीएससी सेन्टर, माइक्रो एटीएम, के माध्यम डिजिटल सेवा, वित्तीय लेन-देन करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बहूद्देशीय पैक्स, मत्स्य, दुग्ध, वनोपज के गठन हेतु निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिए।




### वन्यजीव अपराध जांच एवं अभियोजन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# वन्यजीव अपराधों की गहन जांच व अभियोजन तकनीक की बारीकियां बताई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** वन्यजीव अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी अभियोजन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को बलौदाबाजार वनमण्डल कार्यालय में दो दिवसीय वन्यजीव अपराध जांच एवं अभियोजन पर क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के नेतृत्व में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, मध्य क्षेत्र, भोपाल के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें वन्यजीव अपराधों की गहन जांच एवं अभियोजन की व्यवहारिक तकनीक की बारीकियां बताई गई।

उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन एवं उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ में घटित वन्यजीव अपराधों की केस स्टडी प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार समय पर हस्तक्षेप और समन्वित प्रयासों से अपराधों की रोकथाम एवं निराकरण संभव हो पाया वहीं जबलपुर स्थित स्कूल ऑफवाइल्डलाइफफोरेंसिक एंड हेल्थ से डॉ. निधि राजपूत ने अपराध स्थल प्रबंधन और साक्ष्य संरक्षण पर विशेष सत्र लेकर अधिकारियों एवं वनकर्मियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किया।इसके साथ ही बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य के उप वन संरक्षक क्रिशानू चंद्राकर, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल से डॉ. के.के. शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता यश कुमार सोनी, तथा मध्यप्रदेश पुलिस से अफ़ज़ल खान जैसे विशेषज्ञ उपस्थित रहे और अपने अनुभव साझा किए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों, विभिन्न दंडनीय अपराधों की श्रेणियों तथा अनुसूचित प्राणियों की परिभाषाओं और उनके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही वन्यजीव अपराधों की जांच प्रक्रिया, अभियोजन की कार्यवाही तथा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की वैधानिकता पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों और वास्तविक मामलों के जरिए प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावशाली बनाया।यह प्रशिक्षण न केवल वन्यजीव अपराधों की गहन समझ को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा बल्कि जांच एवं अभियोजन की व्यावहारिक तकनीकों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

कार्यशाला में उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व से आए अधिकारी-कर्मचारी, बलौदाबाजार वनमण्डल के सभी परिक्षेत्रों के अधिकारी-वनकर्मी एवं पुलिस विभाग से कुल 70 प्रतिभागी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

### सम्पर्क केन्द्र की पहल से मिली गैस कनेक्शन की राशि, जिला प्रशासन का जताया आभार

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र एक बार फिर जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान में कारगर साबित हुआ है। संपर्क केंद्र के द्वारा विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदक को 4 दिवस के भीतर 7, 400 रूपए वापस दिलवाया गया। तहसील भाटापारा के ग्राम रोहरा निवासी धनेश्वर साहू ने लक्ष्मी गैस एजेंसी, भाटापारा में वर्ष 2024 में गैस कनेक्शन के लिए 7, 400 रूपए जमा किया था।एजेंसी द्वारा न तो पैसा मिल रहा था और न ही गैस कनेक्शन दिया गया। इससे आवेदक धनेश्वर साहू और उनके परिवार को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था।इसी दौरान उन्होंने समाचार पत्र में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी की नवाचारी पहल सम्पर्क केन्द्र के बारे में पढ़ा और त्वरित सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पर्क केन्द्र के हेल्पलाइन 9201899925 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद सम्पर्क केन्द्र ने तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद्य विभाग से समन्वय स्थापित कर आवेदक को 4 दिवस के भीतर गैस कनेक्शन की राशि 7, 400 रूपए वापस दिलाया गया।



### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

■ जिले के 46 आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में बनाये जाएंगे आदि सेवा केंद्र, बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवाओं को आदि साथी के रूप में किया जाएगा प्रशिक्षित

**बलौदाबाज़ार 21 अगस्त।** जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा पिछड़े और जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के कार्य को नई दिशा देने हेतु एक नई पहल की गई है जिसे आदि कर्मयोगी अभियाननाम दिया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। श्री बोरा ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण अभियान है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के दिन हो रही है। छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल राज्य है और प्रदेश सरकार आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। बोरा ने कहा कि इस अभियान की थीम है सेवा, संकल्प एवं समर्पण और विकसित भारत मिशन 2047 की तर्ज पर जनजातीय ग्राम विज़न 2030 तैयार करना है। बैठक में ट्राईफ़ेड के प्रबंध निदेशक हृदेश कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विकास के लिए बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को छत्तीसगढ़ से बहुत उम्मीदें हैं।उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी कलेक्टरों द्वारा इस महत्वपूर्ण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## संपादकीय

# शुध्दिकरण का एक और प्रयास

वक्त बदलता है,राजनीतिक नेतृत्व बदलता है तो देश की राजनीति बदलती है, देश के नेताओं का आचरण बदलता है। कई लोगों को राजनीतिक शुचिता, नैतिकता की कोई चिंता नहीं रह जाती है उन्हें अपनी सत्ता, राजनीतिक हित की ही चिंता रह जाती है तो जो दल सत्ता में है, उसकी जिम्मेदारी हो जाती है कि वह बदलते वक्त, बदलते नेताओं के अनुसार कानून में भी बदलाव करे और राजनीतिक शुचिता, राजनीतिक नैतिकता को बचाए रखने का प्रयास करे। मोदी सरकार ने 130 वां संविधान संशोधन बिल लोकसभा में पेश करके यही करने का प्रयास कर रही है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस संविधान संशोधन विधेयक की जरूरत क्यों पड़ी। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी है कि अब राजनीति में ऐसे नेता आ रहे हैं जिन्हें लोकलाज, नैतिकता की जरा भी परवाह नहीं है, उन्हें सीएम का पद मिल गया है या मंत्री का पद मिल गया है तो वह उसे जेल जाने पर भी छोड़ने को तैयार नहीं होते है, दिल्ली के सीएम केजरीवाल सहित कई ऐसे उदाहरण सामने आने के बाद मोदी सरकार को लगा कि अब संविधान में संशोधन कर ऐसी व्यवस्था करने की जरूरत है कि कोई जेल जाने पर भी अपने पद से इस्तीफा नहीं देता है तो उसे कानून के अनुसार इस्तीफा देना पड़े। कोई नेता जब स्वेच्छा से नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा नहीं देता है तो यही चारा रह जाता है कि ऐसा कानून बनाया जाए कि वह पद पर न रह सके। देश के बाकी नेताओं की तरह केजरीवाल ने जेल जाने से पहले इस्तीफा दे दिया होता तो यह संविधान संशोधन की जरूरत नहीं पड़ती। केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया इसलिए राजनीतिक शुचिता को बनाए रखने के लिए मोदी सरकार ने संसद में संविधान संशोधन बिल पेश किया है और उसे जेपीसी को भेज दिया गया है। विपक्ष इस बिल का विरोध इस डर से कर रहा है कि इस का उपयोग मोदी सरकार उनके सीएम, मंत्रियों के खिलाफ करेगी। चाहे एसआईआर हो चाहे संविधान संशोधन उससे देश का भला होता है तो जनता उसका स्वागत करेगी। विपक्ष के विरोध की तुलना में जनता के स्वागत का ज्यादा महत्व है। लोकतंत्र में जनमत को ही सबसे ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए।

# सपा में काफी पुराना है महिला अपमान का सिलसिला

**अजय कुमार, लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा), जिसकी स्थापना मुलायम सिंह यादव ने की थी, उत्तर प्रदेश की राजनीति में नेताजी मुलायम सिंह यादव की तूती बोलती थी। लेकिन समय-समय पर इस पार्टी पर महिलाओं का सम्मान न करने और महिलाओं के खिलाफ अपराधों को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं। यह सिलसिला मुलायम सिंह से लेकर अखिलेश यादव तक जारी है। महिलाओं का अपमान करने के तमाम आरोप न केवल पार्टी नेताओं के बयानों से उपजे हैं, बल्कि उनके कार्यों और नीतियों से भी जुड़े हैं। विपक्षी दल, खासकर भाजपा इन मुद्दों को उठाकर एसपी को महिला विरोधी करार देती रही है। समाजवादी पार्टी पर महिलाओं के अपमान के तमाम ऐसे आरोप लगे, जो समय-समय पर पार्टी की छवि को धूमिल करते रहे। सबसे चर्चित उदाहरण 2014 का है, जब मुलायम सिंह यादव ने मोरादाबाद में एक रैली के दौरान बलात्कार के दोषियों को फांसी की सजा पर सवाल उठाते हुए कहा था, लड़के हैं, गलती हो जाती है। इस बयान ने पूरे देश में हंगामा मचा दिया। मीडिया और महिला अधिकार संगठनों ने इसे महिलाओं के प्रति असंवेदनशील बताया, क्योंकि यह बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को गलती मानकर हल्का कर रहा था। मुलायम के इस बयान की वजह से सपा पर आरोप लगा कि पार्टी महिलाओं की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लेती। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी इसे प्रो-रेपिस्ट रुख बताया, जिससे पार्टी की छवि को बड़ा नुकसान पहुंचा। महिलाओं के अपमान को लेकर सपा के एक और प्रमुख नेता आजम खान भी विवादों में घिरे रहे हैं। 2019 में रामपुर लोकसभा चुनाव के दौरान, आजम ने भाजपा उम्मीदवार जया प्रदा पर अभद्र टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने खाकी अंडरवियर का जिक्र किया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे अत्यंत अपमानजनक बताते हुए नोटिस जारी किया। इससे पहले, संसद में भाजपा सांसद रमा देवी पर भी आजम ने सेक्सिस्ट कमेंट किया, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी पड़ी। इन बयानों ने एसपी पर आरोप लगाया कि पार्टी के नेता महिलाओं को सम्मान नहीं देते और चुनावी फायदे के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में सपा पर और बड़ा आरोप लगा जब कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति पर बलात्कार का केस दर्ज हुआ। एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी ने प्रजापति पर गैंगरेप का आरोप लगाया। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन एसपी पर आरोप था कि पार्टी ने आरोपी को संरक्षण दिया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एसपी को बलात्कारियों का संरक्षक कहा, और महिलाओं की असुरक्षा का मुद्दा चुनावी बहस का केंद्र बना। हाल के वर्षों में भी ऐसे आरोप जारी हैं। 2024 में अयोध्या बलात्कार कांड में एसपी नेता मोइन खान पर 12 साल की बच्ची से बलात्कार का आरोप लगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी को महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया, और पुराने बयानों का जिक्र किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि एसपी अपराधियों को बचाती है, जबकि एसपी ने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया। ये घटनाएं सपा की छवि को काफी प्रभावित करती रही हैं। परिणाम यह हुआ कि पार्टी ने जब महिलाओं के लिए योजनाएं चलाईं, जैसे स्त्री सम्मान समृद्धि योजना, लेकिन आरोपों ने उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। जब महिलाओं का सम्मान राजनीति का मूल होना चाहिए, तब ऐसे विवादों से समाज में असमानता बढ़ती है। सपा को इन आरोपों से सीख लेकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, वरना राजनीतिक नुकसान जारी रहेगा। बात आज के माहौल की कि जाये तो 2027 में जबकि सपा उत्तर प्रदेश की गद्दी पर काबिज होने का सपना देख रहे हैं तब समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की लगातार बनती महिला विरोधी छवि ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को सोचने को मजबूर कर दिया है कि वह महिला स्वाभिमान के प्रति ज्यादा लचीला रूख अख्तियार करें। वर्ना 2027 के विधान सभा चुनाव में उनको महिला वोटरों से बड़ा झटका मिल सकता है।

मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में जिस तरह से अखिलेश अपनी ही पार्टी की महिला नेताओं का न केवल अपमान बर्दास्त करते जा रहे हैं बल्कि विधायक पूजा पाल को पार्टी से निकाल कर आखिलेश ने यह भी साबित कर दिया है कि उनको यह भी अच्छा नहीं लगता है कि उनकी विधायक पूजा पाल जिसके विधायक पति राजू पाल की माफिया अतीक अहमद ने हत्या करा दी थी,वह अतीक के खिलाफ मुंह खोलें। उनको जिस महिला का सुहाग उजाड़ दिया गया उसका दर्द समझने की बजाये इस बात की चिंता हो रही है कि अतीक के खिलाफ पूजा पाल के विधान सभा के अंदर दिये गये बयान से मुस्लिम वोटर नाराज नहीं हो जायें,इस लिये बिना किसी कारण बताओ नोटिस दिये पूजा को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इससे पूर्व अखिलेश ने अपनी सांसद पत्नी डिंपल यादव के अपमान पर भी अपना मुंह उस समय बंद रखा था जब डिंपल को एक मौलाना रशीदी ने नंगी कहकर संबोधित किया था। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की चायल सीट से विधायक पूजा पाल का मुद्दा तब गरमाया जब सपा ने विधायक पूजा पाल को सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ करने के चलते उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया है. इस एक्शन को सपा नेता सही बता रहे हैं, तो बीजेपी ने अखिलेश को घेरना शुरू कर दिया है. बीजेपी इस प्रकरण को महिला-सुरक्षा और न्याय हुआ के रूप में पेश कर रही है.कुल मिलाकर पूजा पाल के रूप में बीजेपी को एक नया ब्रांड एंबेसडर और सपा के पीडीए का काउंटर प्लान मिल गया है.राजू पाल की हत्या के बाद सहानुभूति की जो लहर पूजा पाल के साथ बसपा से सपा की ओर शिफ्ट हुई थी, अब उसका सियासी लाभ बीजेपी भी उठाने की तैयारी में है. बीजेपी, सपा को ओबीसी विरोधी बताने में जुटी है. बीजेपी की रणनीति पूजा पाल के बहाने अखिलेश के सबसे बड़े विनिंग फॉर्मूले पीडीए की हवा निकालने की है. यूपी में पाल-बघेल जाति की पिछड़ों में अच्छी-खासी संख्या है, जो सपा के पीडीए की सियासी रीढ़ मानी जाती है. इस तरह बीजेपी अखिलेश यादव को पाल समाज का विरोधी बताने की कवायद करने में जुटी है.

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए खुशहाली लेकर आएगा। जीवनसाथी के साथ आप कुछ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लग सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपके कामों से आपकी वाहवाही होगी और आप व्यस्त रहेंगे। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड रहने से बचना होगा। आप अपने घर परिवार की जिम्मेदारियों को भी निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। भाग्य के दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई शारीरिक समस्या उभर सकती हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपने जूनियर से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाना आपकी समस्याओं को बढ़ा सकता है। आप अपनी टेंशनों को लेकर पिताजी से बातचीत अवश्य करें।

मिथुन आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। पारिवारिक मामलों में आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आपको किसी अजनबी से कोई लेनदेन करने से बचें। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप किसी पुरानी गलती से सबक ले। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद छिड़ सकता है, जिसे आप वरिष्ठ सदस्यों की राय से दूर करने की कोशिश करेंगे।

कर्क आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों की सराहना होगी। आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आप अपने पिताजी की सेहत को लेकर अनदेखा ना करें। आप यदि अपने भाई को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे आसानी से पूरा करेंगे। आपको काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में चल रही समस्याएं दूर होंगी। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागरुक हो सकती है, जिसमें आप अपने सीनियर और गुरुजनों से मदद ले सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी दूसरे के प्रति समर्पित नजर आएंगे। जीवनसाथी से रिश्ते में भी कड़वाहट चल रही थी, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करनी होगी। भाई और बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें। अपने खर्चों को आप थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें, क्योंकि उनके बढ़ने से आपको टेंशन भी बढ़ेगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है और आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

कन्या आज का दिन बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है और आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यदि निर्णय लेंगे, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। किसी वाहन की खरीदारी के लिए भी आप कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो उसके लिए आप अप्लाई कर सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे। आप गरीबों की सेवा के लिए भी आगे आएंगे। नौकरी में आपको कुछ समस्याएं आ सकती हैं, जिन्हे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपने यदि शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो भाई आज आपके लिए अच्छा लाभ बन सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। माताजी क्या आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत करेंगे।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी कानूनी मामले में आपको सफलता मिलेगी, नौकरी में यदि तकनीकी समस्याएं आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। माता-पिता आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। घर में बडों की बातों का पूरा ध्यान देंगे। आपके पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। शौक मौज की चीजों में ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने कामों में कोई बदलाव करेंगे, तो उसमें आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपनी सेहत को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटना होगा। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। सरकारी योजनाओं में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

कुंभ आज का दिन बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपनी कला और कौशल से लोगों को हैरान करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने सहकर्मियों से काम को लेकर सलाह मिल सकती हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अपने आगे के भविष्य को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोले। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

# विधेयक पर हंगामा क्यों, जब मुद्दा है राजनीतिक शुचिता का

**ललित गर्ग**



गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता चाहे वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री ही क्यों न हो, उनकी गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केन्द्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया तो जरूरत से ज्यादा हंगामा एवं विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह ईमानदार, अपराधमुक्त राजनीति एवं चरित्रसम्पन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया, अब तो विपक्ष को विरोध एवं हंगामें को विराम देते हुए इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी ईमानदार, समानतापूर्ण एवं आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिये पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक एवं आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा?

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं। यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं। जब तक राजनीति से अपराधी तत्वों का निष्कासन नहीं होगा, तब तक न तो सुशासन स्थापित हो सकता है न ही नया भारत, विकसित भारत एवं आदर्श भारत बन सकता है और न ही राजनीति के प्रति जनता का भरोसा लौट सकता है।

आज समय आ गया है कि नए कानून बनाकर राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएं। यह केवल चुनाव सुधार का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का प्रश्न है। ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि जिस क्षण कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराध में आरोपित होकर जेल भेजा जाए या आरोप सिद्ध होने तक हिरासत में रहे, वह स्वचालित रूप से अपने पद से मुक्त हो जाए। इस्तीफे की प्रतीक्षा या राजनीतिक दबाव की आवश्यकता ही न रहे। अनेक नेताओं ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत भी किया, लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि अनेक पार्टियों के नेताओं ने जेल से सरकारें चलाने एवं मंत्री पद पर बने रहने के काले अध्याय रचे हैं, इसी के चलते इस नये विधेयक की अपेक्षा सामने आई। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब सत्ता और शासन के केंद्र में अपराधी मानसिकता के लोग बैठते हैं, तो वे शासन को अपने स्वार्थ और अपराधों की ढाल बना लेते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली होती है, बल्कि आम जनता का जीवन भी संकट में पड़ता है। भ्रष्टाचार, धनबल, बाहुबल, भाई-भतीजावाद, हिंसा और अनैतिकता का वातावरण उसी समय पनपता है, जब राजनीति अपराधियों के कब्जे में जाती है। ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की मांग आज पहले से अधिक बढ़ गई है। जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो अपने आचरण से उदाहरण प्रस्तुत करे। राजनीति यदि सेवा और त्याग का माध्यम बनेगी तो ही समाज का कल्याण होगा। जिन नेताओं पर जरा भी संदेह का धुंधलका हो, उन्हें स्वयं स्वेच्छा से पद छोड़ देना चाहिए। यही परंपरा राजनीति को उच्चता और गरिमा प्रदान कर सकती है।

अपराधमुक्त राजनीति केवल नैतिक अपेक्षा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूरी है। जब तक राजनीति में शुचिता और नैतिकता का स्थान नहीं बनेगा, तब तक सुशासन और ईमानदार प्रशासन की कल्पना अधूरी ही रहेगी। नए कानूनों का निर्माण कर अपराधियों के लिए राजनीति के दरवाजे बंद करना समय की सबसे बड़ी मांग है। यह कदम न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जनता के भीतर यह विश्वास भी जगाएगा कि राजनीति वास्तव में लोककल्याण के लिए है, न कि अपराधियों की शरणस्थली। यही अपराधमुक्त राजनीति का दर्शन है, जहां सत्ता अपराधियों का आश्रय-स्थल न होकर समाज की नैतिक ऊर्जा का केंद्र बने। यही उसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है कि वह लोकतंत्र को उसकी वास्तविक आत्मा लौटाए और राजनीति को सेवा, शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक बनाए।

भारतीय लोकतंत्र में पिछले कुछ वर्षों से राजनीति और अपराध के गठजोड़ को लेकर गहरी चिंता लगातार उठती रही है। जनता बार-बार यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वे संसद और विधानसभा भेजते हैं, वे न केवल ईमानदार और पारदर्शी हों बल्कि उनके चरित्र और आचरण पर कोई दाग न हो। किंतु बार-बार यही देखने को मिलता है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे नेता भी उच्च पदों पर बने रहते हैं और शासन-सत्ता का उपयोग अपने बचाव के लिए करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किया गया नया विधेयक (संविधान का 130वां संशोधन) एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है, केन्द्र सरकार इन विधेयकों को भ्रष्टाचार एवं अपराध विरोध बता रही है, जबकि विपक्ष इससे सहमत नहीं। उनकी असहमति अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रही है कि आखिर विपक्ष दागियों की वकालत करते हुए वह स्वयं भी दागी क्यों बन रही है? आशंका जताई जा रही है कि यदि यह संशोधन पारित हो गया तो विपक्ष-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री अस्थिर हो सकते हैं, उनके पद संकट में पड़ सकते हैं। दरअसल यह विरोध केवल विधेयक का नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक सुविधा, अपनी सत्ता बचाने और सुरक्षा का है। प्रश्न यह उठता है कि क्या विपक्ष वास्तव में अपराधमुक्त राजनीति नहीं चाहता? क्या केवल सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति को अपराधियों का अड्डा बनाए रखना आवश्यक है?

विपक्ष का तर्क है कि सरकार इस विधेयक का दुरुपयोग कर सकती है, और केवल आरोप लगाकर भी नेताओं को पद से हटाया जा सकता है। लेकिन सच्चाई यह है कि लोकतंत्र में जब तक कानून कठोर और स्पष्ट नहीं होगा, तब तक राजनीति से अपराध का सफाया संभव नहीं है। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप गलत सिद्ध होता है तो उसके लिए पुनः प्रतिष्ठा अर्जित करने के रास्ते खुले रहेंगे, परंतु गंभीर आरोपियों को शासन की कुर्सी पर बने रहने देना लोकतंत्र के साथ अन्याय है, उसकी मूल आत्मा को ध्वस्त करना है। ऐसा अरविन्द केजरीवाल ने पहली बार किया और जेल से ही सरकार चलाने का दम भरते रहे।

आज देश 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर बढ़ रहा है। विकसित भारत का सपना केवल तकनीकी प्रगति या आर्थिक मजबूती से पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए स्वच्छ, ईमानदार और पारदर्शी राजनीति आवश्यक है। राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ती है। अपराधमुक्त राजनीति न केवल आदर्श है बल्कि सुशासन और विकास की बुनियादी शर्त है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे विधेयक का स्वागत किया जाए, क्योंकि यह राजनीति को शुचिता, नैतिकता और जनहित के मार्ग पर ले जाने का प्रयास है। राजनीति में एक नये सूरज का उदय है। विपक्ष यदि इसका विरोध करता है तो यह सवाल स्वतः उठता है कि क्यों विपक्ष अपराधमुक्त राजनीति का विरोध करके अपराधियों का संरक्षण कर रहा है? क्या उसे अपने ही दागी नेताओं के लिए भय है? लोकतंत्र को बचाने और मजबूत करने के लिए यह विधेयक समय की मांग है। नया भारत तभी विकसित भारत बनेगा जब उसकी राजनीति अपराधियों से मुक्ति होगी। अपराधमुक्त राजनीति से ही सुशासन आएगा, ईमानदार नेतृत्व पनपेगा और जनता के बीच विश्वास की नई रोशनी जगेगी। यही लोकतंत्र की असली जीत होगी।

# लाइफस्टाइल की खराब आदतें होती हैं मुंह से आने वाली बदबू की वजह

मुंह से बदबू आने को चिकित्सकीय भाषा में हेलिटोसिस कहा जाता है। यह एक बेहद आम और परेशान करने वाली समस्या है। यह एक ऐसी समस्या है, जिससे व्यक्ति के सामाजिक जीवन और मानसिक आत्मविश्वास पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अगर आप किसी से बात कर रहे हैं, साथ ही लगातार अपनी सांसों को लेकर परेशान हैं, तो यह स्थिति काफी असहज हो सकती है। इस समस्या की वजह से हमारी कुछ रोजमर्रा की खराब आदतें होती हैं। जिनको हम अनजाने में अपनाते हैं। कई बार अनुचित खानपान, एक अनियमित लाइफस्टाइल और खराब मौखिक स्वच्छता इसके कुछ प्रमुख कारण हैं। अच्छी बात यह है कि यह लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है, जिसे सही जानकारी और कुछ आसान बदलावों से आसानी से ठीक किया जा सकता है।



**मुंह की बदबू के कारण**-मुंह की बदबू का सबसे बड़ा कारण मौखिक साफ-सफाई न रखना है। इसके अलावा दिन में दो बार ब्रश न करना, फ्लॉसिंग और जीभ की सफाई न करने से परहेज करने से मुंह में बैक्टीरिया पनपते हैं। जोकि बदबू का कारण बन सकते हैं। वहीं प्याज, लहसुन और शराब का सेवन भी दुर्गंध को बढ़ा सकता है। तंबाकू और धूम्रपान उत्पाद न सिर्फ दांतों को खराब करते हैं, बल्कि मुंह में लगातार बदबू भी पैदा कर सकते हैं। वहीं मुंह में कम पानी आने से मुंह सूखता है, जिससे लार का उत्पादन कम होता है और बैक्टीरिया बढ़ते हैं।

**लाइफस्टाइल संबंधी आदतें**-कुछ मामलों में पेट की गड़बड़ी, मधुमेह या साइनेस इंफेक्शन के लक्षण होने पर मुंह से बदबू आ सकती है। वहीं अपर्याप्त नींद, अनियमित दिनचर्या, देर रात तक जागना, तनाव और लार का प्रवाह भी बदबू की समस्या को बढ़ा सकती है। ऐसे में इन कारणों को समझना और समाधान करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि यह न सिर्फ मुंह से बदबू बल्कि आपकी पूरी सेहत को प्रभावित कर सकता है।

**जानिए आसान और प्रभावी उपाय**-मुंह की बदबू से बचने के लिए मौखिक स्वच्छता अपनाना चाहिए। इसके लिए दिन में दो बार ब्रश करें और जीभ को स्क्रेपर से साफ करना चाहिए। वहीं फ्लॉसिंग से दांतों के बीच की गंदगी को हटाना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी भी जरूरी है। दिन में 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए, क्योंकि यह लार उत्पादन को बढ़ाता है। वहीं बैक्टीरिया को नियंत्रित करने में भी लार अहम भूमिका निभाती है। आप चाहें तो माउथवॉश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, यह बैक्टीरिया को भी कम करता है।

**डाइट और लाइफस्टाइल में करें सुधार**-हर व्यक्ति को संतुलित आहार लेना चाहिए, जिनमें फल, हरी सब्जियां और प्रोबायोटिक्स युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दही शामिल करना चाहिए। धूम्रपान और तंबाकू से बचना चाहिए। क्योंकि यह मुंह में बदबू को बढ़ाते हैं और मसूड़ों की बीमारियों का भी कारण बनते हैं। वहीं पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन से लार का प्रवाह सामान्य है। वहीं अगर लगातार समस्या बनी रहती है, तो डेंटिस्ट से परामर्श करें।

## सू-दोकू-146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सायकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

**तिल्दा नेवरा, 21 अगस्त।** स्थानीय स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में कक्षा नवमीं की 55 बालिकाओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत निश्शुल्क साइकिल का वितरण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार शर्मा जी, तिल्दा नेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन शाला प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर लक्ष्मण साहू ,आनंद शर्मा, अमित अग्रवाल ,बेबी गोस्वामी अनीता सक्सेना सौरभ जैन सागर पंजवानी ,प्रियंक सोनी गणेश शर्मा दिलहरण निषाद ,सुरेश लखवानी द्वारा किया गया ।समस्त सदस्यों ने बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें साइकिल सौंपी। साइकिल पाकर बालिकाओं का मन खुशियों से झूम उठा ।इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा जी ने कहा कि आप सब बालिकाएं अच्छा पढ़ें और आगे बढ़े ।पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना ने उन बालिकाओं का विद्यालय में पढ़ना आसान बना दिया है जो घर व शाला की दूरी ज्यादा होने पर अपनी पढ़ाई करने नहीं आ पाती हैं ।सौरभ जैन ने बालिकाओं से कहा कि जिस तरह शासन आप सभी की सुविधाओं निश्शुल्क साइकिल ,निश्शुल्क पाठ्य पुस्तक आदि उपलब्ध करा रहा है आप इन योजनाओं का लाभ लेते हुए परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास होकर अपना व माता-पिता का नाम रोशन करें ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश, खूब चंद कश्यप ,चुरामन लाल निषाद श्रीमती सुषमा दुबे अल्का मिश्रा ,किरण साहू, टी खाखा ,कांति बड़ा ,सविता वर्मा उपस्थित रहे ।साइकिल वितरण के कार्यक्रम का संचालन साइकिल वितरण प्रभारी श्री भगवान सिंह नेताम व नरेंद्र रात्रि के मार्ग निर्देशन में नवमीं की कक्षा शिक्षिकाओं कुसुम नाग और खुशबू रामटेके के सहयोग से किया गया। प्राचार्य ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।



## छत पर बिजली उत्पादन कर रहे बुधवानी को बिजली बिल भुगतान से मिली मुक्ति

**कांकेर 21 अगस्त ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से बिजली उपभोक्ताओं को आशातीत राहत मिल रही है। एक ओर जहां खुद के द्वारा उत्पादित बिजली से उपभोक्ताओं में आत्मनिर्भरता आई है, वहीं दूसरी तरफ बिल के भुगतान में क्रांतिकारी बदलाव आया है। कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल अब शून्य अर्थात् जीरो आ रहा है, जिससे वे आश्चर्य मिश्रित उत्साहित भी हो रहे हैं। इस योजना से निश्चित तौर पर उपभोक्ताओं की बचत की बौछार हो रही है। कांकेर शहर के एक ऐसे ही उपभोक्ता कारोबारी श्री मनोज बुधवानी के बिजली का बिल पिछले पांच माह से शून्य आ रहा है, जिसके चलते वे अब भारी-भरकम बिल का भुगतान करने की जगह निःशुल्क बिजली प्राप्त कर रहे हैं। बुधवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिलने पर तत्काल इसके लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि विद्युत की खपत अनुरूप तीन अपने ठेलकाबोड़ एकतानगर स्थित अपने निवास की छत पर किलोवॉट रूफटॉप सोलर सिस्टम इंस्टाल कराया। इसके लिए उन्हें केन्द्र सरकार से 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी मिली। इस योजना के हितग्राही श्री बुधवानी ने बताया कि उनके घर का विद्युत का औसतन बिल तीन से साढ़े तीन हजार के बीच प्रतिमाह आता था। यह भी बताया कि सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत इंस्टालेशन के पहले अगस्त 2024 में 3120 रूपए के बिजली बिल का भुगतान किया। इसके बाद क्रमशः सितम्बर 24 में 1810 रूपए, अक्टूबर में 2020, नवम्बर में 990 तथा जनवरी 2025 में 230 रूपए का बिल आया। तत्पश्चात् माह फरवरी 2025 से अब तक बिजली बिल लगातार शून्य यानी जीरो आया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। मेडिकल कारोबारी श्री बुधवानी ने बताया कि अब तो प्रदेश सरकार द्वारा भी इस योजना में 30 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस प्रकार सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना विद्युत उपभोक्ताओं के घर में खुशहाली बिखेर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह योजना विद्युत के मामले में न सिर्फ आत्मनिर्भरता प्रदान करती है, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक सुरक्षा भी मिल रही है। श्री बुधवानी ने जिले के अन्य बिजली उपभोक्ताओं को भी इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने की अपील की है।



## एक नजर

### शार्ट सर्किट से एटीएम बूथ में लगी आग



**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** जिला मुख्यालय के आंवराभाटा में सीआरपीएफ डीआईजी मुख्यालय परिसर स्थित एसबीआई के एटीएम बूथ में बुधवार की सुबह आग लग गई। बताया जाता है कि बूथ में लगे एयरकंडीशनर में बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी। देखते ही देखते आग और धुंआ फैलने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ जवानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्वयं अपने पास मौजूद अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। इससे आग पर काबू पाने में आसानी हुई और आग से एटीएम मशीन को सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना से एटीएम मशीन के मेंटेनेंस को लेकर बैंक की गम्भीर लापरवाही उजागर हुई है।एडिशनल एसपी आरके बर्मन के मुताबिक आग से एटीएम मशीन की नगदी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### बारसूर नगर पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्य क्षेत्रों पर कलेक्टर की पुनः दस्तक

**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज बारसूर नगर पंचायत अन्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति गुणवत्ता और समय सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने की दिशा में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसूर में ही बारसूर जलाशय के समीप बनाये जा रहे ''जिप लाईन'' निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।उल्लेखनीय है कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस ऐतिहासिक तालाब के पर बनाए जा रहे ''जिप लाईन'' निर्माण से पर्यटक टावर के माध्यम से इस जलाशय के विहंगम दृश्य का आनंद ले सकेगें। इसके अलावा यहां पर प्रशासन द्वारा वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। और बारसूर जलाशय में पर्यटकों हेतु बोट सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिससे यहां न केवल भ्रमण उद्देश्य से लोगों की आवाजाही में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध होंगे। कलेक्टर ने यहां बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, एवं चौपाटी का निर्माण की जाने की भी बात कही साथ ही इसके संचालन हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं को तैयार किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने कारली, हितामेटा और कासोली के निर्माण समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा, 21 अगस्त ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा जिले के आवासीय विद्यालयों पोटाकेबिनों के अधोसंरचना और सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार एवं उसके मरम्मत को उत्कृष्ट बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इस क्रम में आज कलेक्टर द्वारा गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत आवासीय पोटाकेबिन कारली, हितामेटा और कासोली का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन कराये जाने हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को निर्देशित करते हुए 15 सितंबर तक पूरा करने हेतु कहा।

### विशेष शिक्षकों के पदों के लिए वॉक-इन-इन्टरव्यू 8 सितम्बर को

**नारायणपुर, 21 अगस्त ।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के अनुमोदन उपरांत जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित परियना दिव्यांग आवासीय विद्यालय एजुकेशन हब गराजी, जिला नारायणपुर हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों को अध्ययपन कार्य कराये जाने हेतु विशेष शिक्षकों (स्पेशल एजुकेटर) पदों की पूर्ति के लिए इच्छुक अभ्यिर्थियों से आवेदन आमंत्रित कर भर्ती किया जाना है।

जिस हेतु स्पेशल एजुकेटर ऑडियोलाजिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट पद हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन 08 सितम्बर 2025 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक आवेदन फार्म जमा एवं मूलप्रमाण पत्रों व अन्य अभिलेखों का सत्यापन स्थान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर जिला नारायणपुर के कक्ष क्रमांक-74 में आयोजित किया जाएगा।

## संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की सच्ची पहचान है : शर्मा

**भाटापारा, 21 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नगर के जयस्तम्भ चौक पर मावली महासभा सिंगारपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और उपस्थित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी अपनी परंपराओं, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजकर रखा है, जो आज पूरे देश और प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही आदिवासी हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं और प्रयास आदिवासी समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कला, भाषा, देव-पूजा, उत्सव, नृत्य और परंपराएं हमारे देश और प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया।अश्वनी शर्मा ने आगे कहा की आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है।वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है।देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहा हमारे छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।इस अवसर पर पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, गोडवाना गणतंत्र के राष्ट्रीय महा सचिव श्याम सिंह मरकाम, मावली महासभा अध्यक्ष बंशीलाल नेताम, पार्षद चन्द्रप्रकाश ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी, जनपद सदस्य अगेश्वर छेदइहा, जनपद सदस्य जागेश्वर मरई सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

### रेरा ने लागू की वॉलन्टरी कॉम्प्लायंस स्कीम, सितंबर तक मिलेगी छूट

**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (सीजी-रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए वॉलन्टरी कॉम्प्लायंस स्कीम लागू की है। यह योजना सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2024 तक पंजीकृत सभी प्रोजेक्ट्स को लंबित तिमाही प्रगति रिपोर्ट और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एक साथ जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। लंबित रिपोर्ट जमा करने पर विलंब शुल्क में 70 प्रतिशत तक छूट मिलेगी, वहीं जिन प्रोजेक्ट्स के पास मान्य कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र है, उन्हें 90 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।

## कानफोड़ू डीजे को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं:ठाकुर

**रायपुर,21 अगस्त।** कानफोड़ू डीजे से आमजन को राहत दिलाने में प्रशासन गंभीर नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश और केंद्र के कड़े नॉइज़ रूल्स होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में अधिकारी सिर्फ राज्य के कोलाहल अधिनियम के तहत मामूली जुर्माना वसूल कर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहे हैं। नतीजा यह कि ऑपरेटर चालान भरकर फिर कानफोड़ आवाज में डीजे बजा रहे हैं।यह आरोप छत्तीसगढ़ आरटीआई एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय ठाकुर ने लगाए। उन्होंने कहा कि राजधानी समेत प्रदेशभर में लोग डीजे की तेज आवाज से त्रस्त हैं। गर्भवती महिलाएं घर छोड़ होटल में जा रही हैं, बच्चे बहरे हो रहे हैं, लेजर लाइट से आंखों को नुकसान हो रहा है और आत्महत्या तक के मामले सामने आए हैं।ठाकुर ने कहा कि सरकार ने कोर्ट को बताया था कि नॉइज़ रूल्स में संशोधन के लिए समिति बनाई गई है। समिति ने मई में ही रिपोर्ट सौंप दी थी। जुलाई में विधानसभा सत्र भी हो चुका, लेकिन संशोधन पास नहीं कराया गया। अब त्योहारी सीजन आने पर सरकार ने तीन हफ्ते का और समय मांग लिया है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अधिकारी-नेता कहते हैं डीजे बंद कराने से ऑपरेटरों की रोजी-रोटी चली जाएगी। लेकिन यह सालभर का रोजगार नहीं, सिर्फ अतिरिक्त कमाई है जिसमें प्रशासन मौन संरक्षक बना है।ठाकुर ने चेतावनी दी कि रायपुर में पहले भी विसर्जन जुलूसों में डीजे की तेज आवाज से हार्ट अटैक की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे हादसे कभी भी दोहराए जा सकते हैं, लेकिन अधिकारी-नेता समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे।



## गांजा तस्कर गिरफ्तार,दो लाख का गांजा जब्त



**तिल्दा नेवरा।** पुलिस ने गांजे की तस्करी में बड़ी मछली को दबोचा पहली मिली सफलता के लिए तिल्दा नेवरा पुलिस थाने प्रभारी रमाकांत तिवारी की जितनी प्रशंसा की जय उतनी कम है

दिनांक 19.08.25 को नेवरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 05 रोड के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विजय कुमार रोहरा निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी विजय कुमार रोहरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो 716 ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी/04/के टी/2771 जुमला कीमती लगभग 2,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध जीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।गिरफ्तार आरोपी विजय कुमार रोहरा पिता बोदामल रोहरा उम्र 43 साल निवासी वार्ड नं0 05 सिंधी कैम्प तिल्दा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर। पहली बार सिंधी कैंप जैसे एरिए में नशीले पदार्थों की खेप मिली और मौके पर आरोपी पकड़ा गया है इस को लेकर चर्चा नगर ओर आस पास के गांवों में व्याप्त है।

### सैन्य अग्निवीर थलसेना भर्ती हेतु 29 अगस्त तक होगा पंजीयन

**जगदलपुर, 21 अगस्त ।** भारतीय सैन्य अग्निवीर (थलसेना) 2025-26 भर्ती अधिसूचना जारी की गई है। जिसका कम्प्यूटर परीक्षा का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय द्वारा की गई है। कम्प्यूटर परीक्षा में बस्तर जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जो शारीरिक प्रशिक्षण के इच्छुक हों, वे अपनी उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में 29 अगस्त तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। भर्ती पूर्व कौशल एवं शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ दिया जा सकता है।

## कलेक्टर ने जावंगा एजुकेशन सिटी में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा, 21 अगस्त।** एजुकेशन सिटी जावंगा को जिले में शिक्षा हब की संज्ञा दी जाती है अब यहां मूलभूत खेल सुविधाएं और अधोसंरचना विकसित कर इसे एक स्पोर्ट्स सिटी रूप देने का जिला प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है। इन सुविधाओं की बदौलत स्थानीय स्तर के खिलाड़ियों को सर्व सुविधा युक्त खेल परिसर मिलेगा। इसके अलावा वे अपने पसंदीदा खेल को परिष्कृत कर उसमें पारगंत होने में भी शुरुआती मदद मिलेगी। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा यहां क्रिकेट स्टेडियम, आर्चरी रेंज, खेल मानकों के अनुसार स्वीमिंग पूल, का निर्माण किया जा रहा है। आज इस संबंध में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पूल, आर्चरी रेंज (तीरंदाजी) का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में षेड, पवेलियन, गैलरी, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्टेडियम में लाइटिंग व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा इसके पूर्ण होने के मियाद भी निर्धारित की। इस अवसर पर कलेक्टर ने तीरंदाजी के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पूरी लगन से इसे इसमें महारत हासिल करने की समझाइश दी इस दौरान उन्होंने भी तीरंदाजी के लक्ष्य बोर्ड पर निशाना साधा। मौके पर उन्होंने कहा कि गीदम जावंगा एजुकेशन सिटी में खेल सुविधाओं को विकसित करने का उद्देश्य यह है कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रारंभिक दौर की सभी खेल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा ''खेलो इडिया खेलो'' एवं ''बस्तर ओलोपिंक'' जैसी स्पर्धाएं भी यहां सफलतापूर्वक आयोजित की जा सकेगीं। पूर्व में भी राज्य एवं राष्ट्रीय खेलों में भी स्थानीय प्रतिभाओं ने उत्साहजनक प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। अतः आगामी दिनों में निश्चय ही यहां के खिलाड़ियों के लिए जावंगा स्पोर्ट्स सिटी एक बेहतर मंच के रूप में विख्यात होगा। इस मौके अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा विभाग की पारदर्शी पहल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज से राजधानी रायपुर स्थित शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर में पदोन्नत प्राचार्यों के लिए ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग की शुरुआत हो गई है। इस प्रक्रिया में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे।संचालक लोक शिक्षण श्री ऋतुराज रघुवंशी और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति और मार्गदर्शन में काउंसिलिंग 20 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। प्रत्येक दिन दो पालियों में क्रमशः 150-150 प्राचार्यों को शामिल किया जाएगा। पदोन्नति आदेश एवं रिक्त पदों की सूची पूर्व में ही स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है, जिससे चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सुगम हो।सरकार द्वारा तय नियमावली एवं वरिष्ठता के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### प्रदेश में अब तक 767.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 767.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1144.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 393.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 684.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 589.4 मि.मी., गरियाबंद में 668.1 मि.मी., महासमुंद में 600.7 मि.मी. और धमतरी में 686.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 753.8 मि.मी., मुंगेली में 762.4 मि.मी., रायगढ़ में 868.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 641.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 942.0 मि.मी., सक्ती में 795.2 मि.मी., कोरबा में 763.6 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 712.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 643.6 मि.मी., कबीरधाम में 551.1 मि.मी., राजनांदगांव में 712.8 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 979.0 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 563.7 मि.मी. और बालोद में 823.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

## छत्तीसगढ़ की धरोहर से रूबरू हुई नई पीढ़ी - जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में वर्चुअल क्विज ने बढ़ाया उत्साह

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में वर्चुअल क्विज ने बढ़ाया उत्साह छत्तीसगढ़ की धरोहर से रूबरू हुई नई पीढ़ी - जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में वर्चुअल क्विज ने बढ़ाया उत्साहराजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में आयोजित छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी में आज ज्ञान, इतिहास और तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिला। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी के छठवें दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों ने 'खेलो छत्तीसगढ़ ज्ञान प्रतियोगिता' में हिस्सा लिया और छत्तीसगढ़ के भूगोल, इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों से जुड़े सवालों के सही जवाब देकर पुरस्कार जीते।




प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से छत्तीसगढ़ के राजकीय वृक्ष, पुष्प, राष्ट्रीय उद्यान, जशपुर जिले के जलप्रपात, सरगुजा के खनिज, महासमुंद के सिरपुर की प्राचीन कला शैली और बस्तर क्राफ्ट जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे गए। संत कंवर राम विद्यालय की छात्रा परी मानिकपुरी ने पूरे 15 प्रश्नों के सही उत्तर देकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

दुर्ग से आईं श्रीमती पायल शर्मा (गूगल बॉय मास्टर रुद्र की माता) ने वर्चुअल रियलिटी गेम्स के जरिए प्रश्नों के उत्तर दिए और छत्तीसगढ़ के नक्शे पर सही स्थानों को चिह्नित कर अंक प्राप्त किए। रायपुर की श्रीमती गीता गुप्ता ने भी वर्चुअल रियलिटी गेम्स में हिस्सा लिया, उन्होंने कहा कि वर्चुअल अनुभवों से चीजें लंबे समय तक याद रहती हैं, जिससे पढ़ाई और भी रोचक बनती है।प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए श्री जी.के. ताम्रकार ने इसे ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यहां से हमें ऐसी ऐतिहासिक जानकारियां मिलती हैं जो सामान्य तौर पर उपलब्ध नहीं होतीं। इसी तरह श्री अखिलेश्वर तिवारी ने कहा कि यहां स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों के साथ-साथ राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी सरल ढंग से मिल रही है।आज मायाराम सुरजन कन्या विद्यालय, संत कंवर राम विद्यालय, भारत स्काउट गाइड, प्रो. जे. एन. पांडे विद्यालय और अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा से परिचित हुए।गौरतलब है कि यह प्रदर्शनी न केवल वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, संघर्ष और दुर्लभ दस्तावेजों को प्रदर्शित कर रही है, बल्कि आजादी की लड़ाई के दौरान छत्तीसगढ़ की सक्रिय भूमिका को भी उजागर कर रही है। इसके साथ ही, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और प्रदेश में आए सकारात्मक बदलावों की झलक भी यहां देखने को मिल रही है।

## पक्के मकान के बारे में कभी सोचा ही नहीं था, बनने के बाद लगता है अपना भी एक घर है

**रायपुर, 21 अगस्त ।** ग्रामीण बृजमोहन खैरवार का वैसे तो खुद का अपना एक घर था, लेकिन उस घर में सुकून कम परेशानी ज्यादा थी। बृजमोहन को लगता था कि उसकी जिंदगी बस खेती-किसानी के कार्यों में उलझ कर गुजर जाएगी, पक्के मकान के लिए कभी पैसा नहीं जोड़ पाएगा। बृजमोहन की जिंदगी के कई साल ऐसे ही गुजर गए... पक्के मकान का सपना सपना ही बनकर रह गया। अपनी झोपड़ी को पक्का करने की चर्चा पत्नी और बच्चों से कई बार होती थी, लेकिन बात पैसों पर आकर अटक जाती थी और पक्के मकान का सपना पल भर में धराशायी हो जाता था।

पक्के मकान की हसरतों के बीच जब प्रधानमंत्री आवास योजना में बृजमोहन का नाम आया तो जैसे उसके सपने को पंख मिल गए। उसने कुछ राशि का इंतजाम किया और योजना से मिली राशि को मिलाकर अपना घर बनवा लिया। अब गाँव में बृजमोहन का भी पक्का मकान है जिसमें वह अपनी पत्नी इन्जोरा बाई और बच्चों के साथ बिना किसी परेशानी के रह रहे हैं।




कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के जटगा गांव के रहवासी बृजमोहन खैरवार बताते हैं कि वे वर्षों से झोपड़ी में रह रहे थे। समय के साथ झोपड़ी के जर्जर हो जाने पर बारिश के दिनों में हर साल परेशानी उठानी पड़ती थी। मरम्मत में हर साल खर्चा भी होता था। उसके पास इतने पैसे नहीं थे कि घर को पक्का बना सके। पूरे परिवार की इच्छा थी कि घर पक्का बन जाए, लेकिन पैसे का इंतजाम नहीं हो पाने से इच्छाएं अधूरी ही रह जाती थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद बृजमोहन ने कुछ राशि का इंतजाम किया और अपना पक्का मकान बनाया। उसके नए घर में अब सिर्फ प्लास्टर का कार्य बचा है। जल्दी ही यह भी पूरा हो जाएगा। वे खुद का पक्का मकान बन जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहते हैं कि हमारा सौभाग्य है कि पीएम आवास योजना में नाम आया। हम सभी भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के आभारी हैं कि योजना में हमारे परिवार को चयनित कर मकान बनाने के लिए राशि प्रदान की।

## एक नजर

### ग्राम सभाओं में आदि कर्मयोगी अभियान पर पारित किया प्रस्ताव

**महासमुंद, 21 अगस्त ।** महासमुंद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार ने बताया कि ग्राम सभाओं में आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर आदि सेवा केंद्रों की स्थापना, अनुसूचित जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षणिक, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन तथा आजीविका संवर्धन हेतु ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से अनुसूचित जनजातीय परिवारों के लिए प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत - ग्रामीण क्षेत्रों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना कर योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाना, युवाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना,आजीविका संवर्धन हेतु समूह आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना एवं ग्राम स्तर पर सामाजिक भागीदारी और जागरूकता सुनिश्चित करना है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**रायगढ़, 21 अगस्त।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को सभी प्रकार के राजीनामा योग्य मामलों के निराकरण हेतु पूरे भारत वर्ष में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य सभी प्रकार के लंबित मामलों जैसे-जलकर, संपत्तिकर, टेलीफोन बिल, विद्युत बिल, न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण के मामले, राजस्व न्यायालय के मामले इत्यादि प्रकरणों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की तृतीय काउंसिलिंग 29 और 30 अगस्त को

**धमतरी, 21 अगस्त ।** शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय पर अपलोड किया गया है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार तृतीय काउंसिलिंग 29 और 30 अगस्त को राजधानी रायपुर के सड्डू उरकुरा मार्ग, व्हीआईपी सिटी कॉलोनी के सामने स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका वर्ग की काउंसिलिंग 29 अगस्त को होगी। वहीं अनुसूचित जाति बालक और बालिका और अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिकाओं की काउंसिलिंग 30 अगस्त को किया जाएगा। उक्त काउंसिलिंग सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

### रजत महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कांकेर 21 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में रजत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नरहरदेव शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कांकेर में रजत महोत्सव के अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' व 'बालिका सुरक्षा माह' अंतर्गत वाद-विवाद तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की शपथ दिलाते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा साइबर पुलिस की सहायता से साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला भी आयोजित कराई गई।

### श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से 110 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

# मुख्यमंत्री की तीर्थयात्रा योजना से श्रद्धालु हो रहे लाभान्वित

**रायगढ़, 21 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज रायगढ़ जिले से 110 श्रद्धालुओं का नौवां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

तीर्थ यात्रा दल में जिले के शहरी क्षेत्रों से 28 एवं ग्रामीण अंचलों से 82 श्रद्धालु शामिल हैं। सभी यात्रियों की पूर्व तैयारी, स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। यात्रियों को रायगढ़ से बिलासपुर रेलवे स्टेशन ले जाया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा काशी और अयोध्या धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। तीर्थ यात्रा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। यात्रियों के सहयोग के लिए अधिकारियों की टीम भी




जत्थे के साथ रवाना हुई है। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों को विदाई दी गई और उनके सुरक्षित एवं सफल दर्शन की कामना की गई।

श्रद्धालुओं ने इस सेवा के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कहानी सुनते आए हैं, लेकिन अब पहली बार उस धरती पर जाने का सौभाग्य मिल रहा है। बहुत ही अद्भुत अनुभव है, आंखों में आंसू हैं पर दिल में आनंद है। जीवन में कभी सोचा नहीं था कि अयोध्या में श्रीरामजी के दर्शन नसीब होंगे। हमारे जैसे निम्न आय वर्गों के लिए यह सपना जैसा था। लेकिन मुख्यमंत्री की पहल से यह सपना पूरा होने जा रहा है।

#### जिले से अब तक 986 श्रद्धालुओं को ले जाया गया तीर्थयात्रा पर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक जिले से 986 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा पर ले जाया गया है। जिनमें शहरी क्षेत्रों से 250 एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 736

### लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

**कांकेर 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 सितम्बर को प्रस्तावित है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारियों को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर श्री आनंद कुमार ध्रुव ने आज अधिवक्ता संघ कांकेर की बैठक लेकर अधिवक्ताओं से विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किए जाएं। साथ ही अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों को प्रकरणों पर राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए ।

# खाद की कालाबाजारी पर 2 दुकानें सील

- **लाइसेंस में दुकान-गोदाम का जिक्र नहीं, एक भी बिल नहीं दिखा सका संचालक, खाद जब्त**

**रायगढ़, 21 अगस्त।** जिले के तमनार क्षेत्र की दो खाद दुकानों में गड़बड़ी मिलने पर उनकी दुकानें और गोदाम सील कर दिए गए हैं। बुधवार को प्रशासनिक टीम ने गोंडवाना कृषि केंद्र और शर्मा कृषि केंद्र में खाद वितरण की व्यवस्था की जांच की। जांच टीम में नायब तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी शामिल थे।

जांच के दौरान रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रजिस्टर की पड़ताल की गई, जिसमें कई अनियमितताएं पाई आई। जब दोनों दुकानों के लाइसेंस और नक्शे की जांच की गईए तो शर्मा कृषि केंद्र के गोदाम और दुकान का लाइसेंस में कोई जिक्र ही नहीं था, जिससे यह पता चला कि वह अवैध रूप से



संचालित हो रही थी। इस वजह से दुकान और गोदाम को सील कर दिया गया।

इसी तरहए गोंडवाना कृषि केंद्र में 21 और 10 बोरी एसएसपी खाद पाया गया। लेकिन जब संचालक से उसका बिल मांगा गया, तो वह भी बिल नहीं दिखा सका। इस पर खाद को जब्त करते हुए गोदाम को सील कर दिया गया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी यूएन नगायच ने बताया कि तमनार की दो दुकानों में जांच की गईए जहां अनियमितता पाए जाने पर दुकान और गोदाम को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने के बाद लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के अन्य इलाकों में भी खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण

**धमतरी, 21 अगस्त ।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 35 दिनों का ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष आयु की बेरोजगार ग्रामीण महिलाओं से आगामी 25 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 35 सीट आरक्षित हैं और प्रशिक्षण के दौरान फेशियल, थ्रेडिंग, आईब्रो, मैनीक्योर, पेडीक्योर, डिटेनिंग, थर्मो हब फेशियल, पार्टी मेकअप, दुल्हन मेकअप आदि सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### कोंटा में रेत माफिया फिर सक्रिय



**कोंटा,21 अगस्त।** जिले के अंतिम छोर पर बसे कोंटा में रेत का अवैध कारोबार एक बार फिर परवान चढ़ने लगा है रात के अंधेरे में तेलंगाना भेजने के लिए 50 से ज्यादा हाईवा रेत लादने खड़ी हैं। लंबे अंतराल के बाद रेत माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। सत्ता से जुड़े स्थानीय नेताओं की छत्रछाया में इस धंधे को अंजाम देने को तैयार हैं।बीते साल दंतेवाड़ा और सुकमा के चार पत्रकारों ने रेत माफियाओं की पोल खोलनी चाही थी, तो उन्हें फर्जी गांजा प्रकरण में फंसाकर जेल भेज दिया गया था। उस समय प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई कर अवैध कारोबार पर रोक लगाई थी और भंडारित रेत को सीज कर दिया था।इस बार भी जिले के खनिज विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में और जिले के अधिकारी पर सत्ता पक्ष के दबाव जिसके चलते प्रशासन ने फेरा नजर सूत्रों के अनुसार, विभागीय अफसरों की मौन सहमति के बिना इतनी बड़ी मात्रा में रेत का परिवहन संभव नहीं है।कोंटा और आसपास के ग्रामीणों में अवैध रेत उत्खनन को लेकर नाराजगी है।अपने जिले को नहीं मिला शबरी का रेत, माफ़िया भेज रहे हैदराबाद।

### बच्चों की पढ़ाई-भोजन से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण




**बीजापुर,21 अगस्त।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे ने गुरुवार को बेदरे क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पुल, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र एवं पोटा केबिन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।कलेक्टर ने निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इसके बाद शासकीय बालक एवं कन्या आश्रम पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और भोजन, पढ़ाई तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए। नवीन कन्या आश्रम भवन को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने एम्बुलेंस, चिकित्सक और पर्याप्त स्वास्थ्य स्टाफ की मांग रखी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़ की जाएँगी।पोटा केबिन निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई एवं बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बच्चों को बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया और व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### बालिकाओं को दी गई गुड टच और बेड टच की जानकारी

**तिल्दानेवरा, 21 अगस्त।** स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा के हाल में कक्षा नवमीं से 12वीं तक की अध्ययनरत लगभग 150 बालिकाओं को महिला बाल विकास विभाग तिल्दा नेवरा की परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर के मार्गनिदेर्शन में सुपरवाइजर मोनिका, पार्वती ,व रानी सोनी के द्वारा गुड टच बेड टच बालिका पढ़े बालिका बढ़े, बालिकाओं को पोषण स्वास्थ्य ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी गई । उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता तिल्दानेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन, मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार शर्मा जी वह विशिष्ट अतिथि सौरभ जैन जी थे ।अतिथियों ने बालिकाओं से कहा कि वह अपनी स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित समस्याएं व अन्य जो भी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं उनके समक्ष रखें ।वह अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करके जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुषमा रानी दुबे ,अल्का मिश्रा किरण साहू ,तक्षशिला खाखा ,कांति बड़ा और सविता वर्मा ने बालिकाओं का मार्गदर्शन किया साथ ही विभिन्न उदाहरणों और प्रश्नों के माध्यम से उनकी जिज्ञासा शांत की।



### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 3 नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**मुंगेली, 21 अगस्त।** घर से सरगांव स्कूल जाने वाली 03 नाबालिक लड़कियों के परिजनों ने सरगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्कूल के लिए लड़कियों घर से निकली है लेकिन शाम रात हो गया कोई पता नही चल रहा है जिसे मुंगेली पुलिस ने गंभीरता से लिया और जिला के आस पास और जिले में पता किया गया जिसमें रायपुर के कटोरा तालाब पर 03 नाबालिग लड़कियों को पाया गया उनसे पूछने पर लड़कियों ने बताया कि घर मे डांटने के कारण हम लोग घर छोड़ दिये थे जिन्हें समझा कर मुंगेली पुलिस ने वापस घर लाकर परिजनों को शॉप दिया जिसमें परिजनों और बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

### कलेक्टर ने नगरी सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

**धमतरी, 21 अगस्त।** जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में उन्होंने आज नगरी प्रवास के दौरान सिविल अस्पताल नगरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं और उपचार संबंधी जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ ए.के नेताम, बीपीएम श्री हितेन्द्र साहू के अलावा अन्य स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

कलेक्टर ने सोनोग्राफी कक्ष का भी निरीक्षण किया और प्रतिदिन होने वाली जांचों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में पर्याप्त दवाइयों और आवश्यक उपकरणों का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज को समय पर जांच और उपचार मिलना चाहिए, इसके लिए स्वास्थ्य अमला पूरी तत्परता से कार्य करे।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने एनसी वार्ड में भर्ती मरीज श्रीमती कलावती से उपचार की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता और शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को शासन की सभी पात्र योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से और समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे।निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध है, लेकिन ईंधन व्यवस्था में दिक्कत होने के कारण उसका संचालन बाधित हो रहा है।

# शाम होते ही सडक़ पर आ रहा दंतैल-हाथी

### इससे मार्ग पर घंटों आवाजाही प्रभावित

**रायगढ़।** जिले के राटरौट से कसडोल मार्ग पर दंतैल हाथी शाम होते ही सडक पर आ जाता है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही कई घंटों तक थम जाती है। मंगलवार की रात को भी हाथी बैनीपाठ रोड पर आकर कुछ देर तक खड़े रहा।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है किए भैंसगढ़ी के जंगल में 11 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें से एक हाथी दल से अलग होकर लगातार सडक़ पर आ रहा है। बुधवार की रात करीब 8 बजे जब हाथी बैनीपाठ रोड पर पहुंचा तो सूचना मिलने पर वन अमला और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों ओर से यातायात रोककर लोगों को सुरक्षित रखा। कुछ देर बाद हाथी वापस जंगल की ओर चला गया।

#### किसानों की फसल चौपट

सोमवार की रात को 10 हाथियों के दल ने भैंसगढ़ी में दो किसानों किशन मालाकार और दिलीप राठिया की धान की फसल बर्बाद कर दी। इसके अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो और बाकारूमा रेंज में 8 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। वन विभाग नुकसान का आंकलन कर रहा है। जुनवानी सर्कल प्रभारी ललित राठिया ने बताया किए कभी 1 तो कभी 3 हाथी सडक़ पर आ जाते हैं। मंगलवार की रात भी हाथी के सडक़ पर पहुंचने के बाद हाथी मित्र दल ने गांवों में मुनादी कराई, ताकि ग्रामीण सतर्क रहें और जंगल की ओर अकेले न जाएं।

# बीजापुर में 6 लाख के 4 ईनामी समेत 5 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 21 अगस्त।** जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत डीआरजी और थाना भैरमगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। माड़ एरिया में बंगोली के जंगल से पुलिस टीम ने 4 ईनामी समेत 5 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली के तार, पावर सोर्स बैटरी, पिट्ठू बैग और जमीन खोदने के औजार सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

गिरफ्तार माओवादियों में माहरू यादव




ऊर्फ सगनू (इन्द्रावती एरिया कमेटी ओरछा एलओएस जनमिलिशिया कमाण्डर) निवासी बोड़गा थाना भैरमगढ़, ईनाम 3 लाख, लक्खू फरसा (ओडिशा सीसीएम मनोज का सुरक्षा गार्ड व पार्टी सदस्य) निवासी कोलनार थाना जांगला, ईनाम 1 लाख, बुधराम कोवासी (ताकीलोड़ आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष) निवासी ताकीलोड़ थाना भैरमगढ़, ईनाम 1 लाख, सुखराम हेमला ऊर्फ जयराम (इन्द्रावती एरिया कमेटी पार्टी सदस्य व डॉक्टर टीम सदस्य) निवासी हींगमेट्टा थाना जांगला, ईनाम 1 लाख, सीताराम डोडी (घोटपाल जीआरडी सदस्य) निवासी घोटपाल पटलपारा थाना भैरमगढ़ शामिल हैं।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार सभी नक्सली लंबे समय से संगठन में सक्रिय थे और विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के खिलाफ थाना भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही की गई और न्यायिक रिमांड पर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना

### मसानडबरा में कलेक्टर ने किया आवासीय परिसर का निरीक्षण

**धमतरी, 21 अगस्त ।** विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत धमतरी जिले के मसानडबरा में निर्मित हो रहे आवासीय परिसर का आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की मंशा है कि कमार जैसे वंचित समुदायों को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने भूमि समतलीकरण, सीसी रोड, पेयजल, फेंसिंग, गार्डन और सोलर लाइटिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गार्डन का स्वरूप स्थानीय संस्कृति एवं बच्चों की सुविधा के अनुरूप होना चाहिए, जिससे समुदाय को सुखद वातावरण मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम, सीईओ जनपद पंचायत नगरी श्री रोहित बोरझा के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड्डू जनमंच में 22 अगस्त से रंग परसाई का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी द्वारा रायपुर के सड्डू स्थित जनमंच में देश के शीर्षस्थ व्यंग्यकार लेखक हरिशंकर परसाई की जयंती 22 अगस्त के अवसर पर तीन दिवसीय रंग परसाई का आयोजन किया जा रहा है।

22 अगस्त 1924 को होशंगाबाद जिले के जमानी गांव में पैदा हुए हरिशंकर परसाई का कार्यक्षेत्र जबलपुर रहा। उन्होंने जबलपुर से वसुधा नामक पत्रिका का संपादन किया। हरिशंकर परसाई ने अपनी रचनाओं के जरिए हिंदी साहित्य को एक नई दिशा दी और व्यंग्य को विधा के रूप में स्थापित किया. उनकी रचनाओं में सामाजिक और राजनीतिक पाखंड पर तीखा प्रहार है। समीक्षक उन्हें आधुनिक युग का कबीर भी कहते हैं। उनका निधन जबलपुर में 10 अगस्त 1995 को हुआ। छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी हरिशंकर परसाई की स्मृति में उनकी रचनाओं पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति कर रहा है।इस आयोजन में पहले दिन 22 अगस्त शुक्रवार की शाम 7 बजे इप्टा भिलाई द्वारा हरिशंकर परसाई की रचना भिलाई इप्टा द्वारा चारू श्रीवास्तव के निर्देशन में जैसे उनके दिन फिरे नाट्य का मंचन किया जाएगा। इसी दिन श्रीमती रचना मिश्रा के निर्देशन में परसाई की कहानी चूहा और मैं, तिवारी जी की कथा का नाट्य पाठ किया जाएगा। परसाई की प्रासंगिता पर चर्चा भी होगी।23 अगस्त शनिवार शाम 7 बजे श्रीमती रचना मिश्रा के निर्देशन में परसाई के नौ रंग के नाम से परसाई की नौ रचनाओं जाति, रोटी, अश्लील पुस्तकें होनहार, पर उपदेश, चौबे जी की कथा, सुशीला, वैष्णव कथा, अनुशासन कहानी का कोलॉज प्रस्तुत किया जाएगा। 23 अगस्त रविवार शाम 7 बजे अग्रज बिलासपुर द्वारा सुनिल चिपड़े के निर्देशन में प्रेमियों की वापसी तथा भेड़ और भेड़िया की नाट्य प्रस्तुति की जाएगी। सारे नाटको की प्रस्तुति जनमंच सड्डू में होगी। प्रवेश दर्शकों के लिए निशुल्क है।यह जानकारी फ़िल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी की ओर से श्रीमती रचना मिश्रा ने दी है।

# देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिलाने पर नवीन जिंदल का सम्मान

**रायगढ़,21 अगस्त।** रायगढ़ दृष्टि ने देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने वाले जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल का सम्मान किया। रविवार, 15 अगस्त को जिंदल स्टील के पोलो मैदान में आयोजित भव्य समारोह में श्री जिंदल शामिल हुए और स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों को भी संबोधित किया।इस अवसर पर शहर की संस्था रायगढ़ दृष्टि ने घर-घर तिरंगा, हर दिन तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने वाले



नवीन जिंदल को प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।रायगढ़ दृष्टि के डायरेक्टर कमल शर्मा ने बताया कि जिंदल स्टील के चेयरमैन ने देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिलाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इसके परिणामस्वरूप आज हर भारतीय नागरिक नियमों के अनुसार गर्व के साथ तिरंगा फहरा सकता है।उन्होंने यह भी बताया कि इस कानूनी लड़ाई की शुरुआत रायगढ़ से ही हुई थी, जब प्रशासन ने उस समय के नियमों का हवाला देते हुए नवीन जिंदल को जेएसपीएल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोक दिया था। इसके बाद श्री जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और अंततः देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संवैधानिक अधिकार दिलाया।इसी योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए संस्था रायगढ़ दृष्टि ने 15 अगस्त को पोलो मैदान, रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में नवीन जिंदल का सम्मान किया।

**एक नजर**

### बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया, 2026 तक टीम चुनेंगे



**मुम्बई, 21 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चीफसिलेक्टर अजीत अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, BCCI की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। IPL 2025 से पहले कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था

रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक BCCI अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। BCCI ने उनका कॉन्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था।

**349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं:** अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं।

# क्या पाकिस्तान से खेलना भारत की मजबूरी बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान

## एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के 3 मुकाबले संभव

**मुम्बई, 21 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी।

यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी।

अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फद्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टी नेशनल इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकॉट करना चाहिए। 9 सितंबर से८श्व में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं।

पाकिस्तान से खेलने या न खेलने पर सरकार की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। हालांकि, BCCI नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकॉट करे।

### बायकाट के चार कारण

**पहला कारण: पाकिस्तान को फ्री पॉइंट्स क्यों दिए जाएं**

ड्डष्टष्ठ अधिकारियों का कहना है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट खेलते हुए सिर्फ पाकिस्तान का बायकॉट कर सकती है, लेकिन ऐसा करने से पाकिस्तान को फ्री के पॉइंट्स मिलेंगे। पाकिस्तान इन पॉइंट्स की बदौलत फाइनल में भी जा सकता है और चैंपियन भी बन सकता है। हमें पाकिस्तान को फ्री पॉइंट्स क्यों देना चाहिए।

**दूसरा कारण: एशियन ब्लॉक में भारत का दबदबा कम हो सकता है**

एशियन क्रिकेट काउंसिल में अब तक भारत का दबदबा रहा है। अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का बायकॉट करती है तो टूर्नामेंट फ्लॉप होगा। इससे टूर्नामेंट की कमाई पर भी असर पड़ेगा। ऐसा होने से८ष्ट में भारत का रुतबा कमजोर हो सकता है और पाकिस्तान बाकी देशों को भारत के खिलाफ करने की मुहिम चला सकता है।

**तीसरा कारण: ICC की राजनीति में भी BCCI कमजोर पड़ सकता है**

एशियन ब्लॉक की एकजुटता की बदौलत BCCI इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की राजनीति में भी मजबूत स्थिति में है। किसी मुद्दे पर अगर वोटिंग की जरूरत पड़ती है तो सभी एशियाई देश ज्यादातर मुद्दों पर BCCI का साथ देते हैं। इनमें पाकिस्तान भी शामिल है। जय शाह को ICC चेयरमैन बनाने के मामले में भी पाकिस्तानी बोर्ड ने BCCI का साथ दिया था। इससे पहले बड़े ICC टूर्नामेंट की होस्टिंग के लिए भारत और पाकिस्तान एक खेमे में रहते हुए वोट डालते आए हैं।

अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का बायकॉट करती है तो एशियन ब्लॉक की एकजुटता कम होगी और ड्डष्ट की राजनीति में भी ड्डष्टष्ठ की पोजिशन कुछ कमजोर हो सकती है।

**4. चौथा कारण: ब्रॉडकास्टर की नाराजगी नहीं झेलना चाहते**

BCCI अधिकारी ने बताया कि 2024 में ही अगले चार एशिया कप के ब्रॉडकास्ट राइट्स 170 मिलियन डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपए) में बेचे जा चुके हैं। एशिया कप के राइट्स को इतनी कीमत सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबलों की वजह से मिली है। भारत-पाकिस्तान मैच के विज्ञापन स्लॉट हर 10 सेकेंड के लिए 25 से 30 लाख रुपए में बिकते हैं। वहीं, भारत के अन्य मुकाबलों के लिए यह रकम आधी से कम हो जाती है। अगर भारतीय टीम पाकिस्तान से नहीं खेलती है तो ब्रॉडकास्टर ये स्लॉट अच्छी कीमत पर नहीं बेच पाएंगे और ब्रॉडकास्टर्स को भारी नुकसान होगा। ऐसे में आगे चल कर ब्रॉडकास्टर्स नजर में BCCI की विश्वसनीयता कम होगी।

# क्या है बीसीसीआई में आया ब्रोंको टेस्ट



**मुम्बई, 21 अगस्त।** भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक नया फिटनेस टेस्ट लेकर आया है, जिसका नाम ब्रोंको टेस्ट है. इस टेस्ट को खिलाड़ियों को 6 मिनट में पास करना होगा. खिलाड़ियों की फिटनेस बढ़ाने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम ने बड़ा कदम उठाया है. बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अब रग्बी से जुड़ा ब्रोंको टेस्ट शुरू किया गया है. यह नया फिटनेस टेस्ट खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता, स्टैमिना और मैच के लिए तैयार रहने की ताकत को बेहतर बनाने के लिए बनाया गया है. खासकर तेज गेंदबाज अब सिर्फ जिम पर निर्भर नहीं रहेंगे, बल्कि उनकी ट्रेनिंग में दौड़ने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा. इस टेस्ट को खिलाड़ियों को 6 मिनट में पास करना होगा.

**क्या है ब्रोंको टेस्ट:** ब्रोंको टेस्ट लाने के पीछे, बीसीसीआई की सोच है कि भारतीय खिलाड़ी, जिम में ज्यादा समय न बीता कर, मैदान में ज्यादा दौड़ें. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में टेस्ट शुरू भी हो गया है. ब्रोंको टेस्ट में तीन पड़ाव हैं. एक खिलाड़ी को पहले 20 मीटर शटल दौड़ से शुरुआत करनी होगी. इसके बाद 40 मीटर और 60 मीटर की दौड़ करनी होगी. एक सेट में कुल 240 मीटर की दूरी होगी. एक खिलाड़ी को पूरे 5 सेट करने होंगे. जिसकी दूरी 1200 मीटर होगी. खिलाड़ी को बिना रुके इस टेस्ट को 6 मिनट में पास करना होगा.

**टीम के कोच एड्रियन लू रॉक्स ने लाया टेस्ट, गंभीर ने जताई सहमति:** ब्रोंको टेस्ट का सुझाव टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच एंड्रियन ले रॉक्स ने दिया था. भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने इस पर सहमति जताई थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई खिलाड़ियों ने बेंगलुरु जाकर टेस्ट दे भी दिया है.

# महिला मुक्केबाजों को कराना होगा जेंडर टेस्ट

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** सभी महिला मुक्केबाजों को अब जेंडर टेस्ट कराना होगा। अगर टेस्ट में फेल होने पर किसी भी टूर्नामेंट हिस्सा लेने की इजाजत नहीं मिलेगी। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। इसकी शुरुआत इंग्लैंड में होने जा रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप से होगी। वर्ल्ड चैंपियनशिप इंग्लैंड के लिवरपुल में 4 से 14 सितंबर तक होगी। यह टेस्ट पॉलिमरेज चेन रिएक्शन (PCR) या इसके जेनेटिक स्क्रीनिंग के जरिए होगा। यह जन्म के समय के लिंग को निर्धारित करने के लिए जरूरी ङ्घ क्रोमोसोम की मौजूदगी या गैरमौजूदगी की जांच करेगा। ङ्घ क्रोमोजोम मेल चाइल्ड के लिए जिम्मेदार होता है। वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा- 'हम सभी व्यक्तियों की गरिमा का सम्मान करते हैं और चाहते हैं कि हमारा खेल ज्यादा से ज्यादा इनक्लूसिव हो। लेकिन, बॉक्सिंग जैसे खेल में जमारी जिम्मेदारी है कि हम खिलाड़ियों की सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा में निष्पक्षता बनाए रखें।'

**एथलेटिक्स में पहले ही लागू हो चुका है यह नियम:** 21 दिन पहले इसे एथलेटिक्स में लाया गया था। 30 जुलाई को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने कहा था- 'जो खिलाड़ी इस टेस्ट से नहीं गुजरेगी, वह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेगी।' एथलेटिक्स में नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा।

# रहाणे ने अचानक छोड़ दी मुंबई की कप्तानी



**मुम्बई, 21 अगस्त (एजेंसी)।** एक तरफतो टीम इंडिया अगले महीने शुरू होने वाले एशिया कप की तैयारी में जुटी है, वहीं दूसरी ओर भारत में डोमेस्टिक सीजन की भी तैयारी चल रही है। इस बीच एक बड़ी और अहम खबर सामने आई है। अजिंक्य रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। रहाणे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुद ही ये जानकारी दी है। माना जा रहा है कि अब मुंबई की कमान किसी युवा को दी जा सकती है।

**सोशल मीडिया पर रहाणे ने क्या लिखा:** टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की भी कप्तानी कर चुके अजिंक्य रहाणे ने अब से कुछ देर पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। इसमें रहाणे ने लिखा है कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना बेहद सम्मान की बात रही है। आगे एक नए घरेलू सीजन के साथ, मेरा मानना ??है कि एक नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, और इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी न रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही रहाणे ने ये भी कहा है कि वह एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। साथ ही मुंबई के साथ अपना सफर जारी रखेंगे, ताकि हम और ज्यादा ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

**जल्द किया जा सकता है नए कप्तान का ऐलान:** अजिंक्य रहाणे ने अपने बयान में साफकर दिया है कि यह नए कप्तान को तैयार करने का सही समय है, यानी माना जा रहा है कि टीम की कमान अब किसी युवा खिलाड़ी को दी जाएगी, जो लंबे समय तक मुंबई की कप्तानी कर सके। इसके लिए कई नाम सामने चल रहे हैं। हो सकता है कि नए कप्तान का ऐलान भी जल्द कर दिया जाए।

**अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट से रहाणे नहीं लिया है रिटायरमेंट:** रहाणे ने लंबे समय तक टीम इंडिया के लिए खेला है, हालांकि अभी वे तीनों फॉर्मेट से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने रिटायरमेंट का भी ऐलान नहीं किया है। ?

वनडे और टी20 से तो वे पहले ही बाहर चुके थे, लेकिन टेस्ट में उनका एक रुतबा हुआ करता था, जो अब नहीं रहा। बीसीसीआई अब शायद रहाणे से आगे के बारे में सोच रही है, इसलिए उनकी वापसी करीब करीब मुश्किल नजर आ रही है। देखना होगा कि रहाणे कब तक इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान करते हैं।

# ठीक से बोल तक नहीं पा रहे हैं विनोद कांबली, छोटे भाई ने हेल्थ को लेकर दिया बड़ा अपडेट

पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली के हेल्थ को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। उनके छोटे वीरेंद्र कांबली ने ये अपडेट फैंस के बीच शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि इस वक्त कांबली अपने घर पर हैं और बीमारियों से उबर रहे हैं। बता दें कि, पिछले साल अचानक तबियत बिगड़ने के बाद विनोद कांबली को ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने यूरिन संक्रमण और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत की थी। उसके बाद से उनका इलाज चल रहा है।



विनोद कांबली के छोटे भाई वीरेंद्र कांबली ने विक्की लालवानी के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि वह अभी घर पर हैं। उनकी हालत स्थिर है, लेकिन उनका इलाज जारी है। उन्हें बोलने में दिक्कत हो रही है। उन्हें ठीक होने में समय लगेगा। लेकिन वह एक चैंपियन हैं, और वापसी करेंगे। उम्मीद है कि वह जल्द ही चलना और दौड़ना शुरू कर देंगे। मुझे उन पर पूरा भरोसा है। मुझे उम्मीद है कि आप उन्हें फिर से मैदान पर देख पाएंगे।

## व्यापार

### पोको एम7 प्लस 5जी: 6.9-इंच के डिस्प्ले और 7,000 एमएएच बैटरी के साथ भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली, 21 अगस्त।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में अपने नए स्मार्टफोन - पोको एम7 प्लस 5जी को लॉन्च किया है। नॉन-स्टॉप मनोरंजन और लंबे समय तक चलने वाले प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया। एम 7 प्लस 5 जी इस सेगमेंट में 7000 एमएएच की सिलिकॉन कार्बन बैटरी और रिफ्रेश रेट के साथ 6.9-इंच FHD+ डिस्प्ले के साथ उतारा गया है। केवल 12,999 रुपये में यह फोन पूरे दिन आपके मनोरंजन का साथी बनेगा। पोको एम7 प्लस 5जी स्नैपड्रैगन0 6s Gen x के साथ बिना रुकावट मल्टीटास्किंग के लिए शानदार प्रदर्शन देता है, जिसमें 16GB तक टर्बो रैम शामिल है। 144Hz का एडैप्टिव रिफ्रेश रेट आसानी से स्क्रॉलिंग करने, शानदार गेमिंग और बिना रुकावट सोशल मीडिया ब्राउज़िंग सुनिश्चित करता है। इसकी 7000mAh सिलिकॉन कार्बन बैटरी, इस सेगमेंट में सबसे बड़ी है जिसे 1600 चार्ज साइकिल के लिए बनाया गया है। यह चार साल के उपयोग के बाद भी 80% तक क्षमता बनाए रखती है। 18W रिवर्स चार्जिंग के साथ,एम7 प्लस 5जी न केवल आपके फोन को, बल्कि आपके अन्य डिवाइसेस को भी पूरे दिन चालू रखने के लिए पावर बैंक के रूप में काम करता है।




# वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय आईटी सेक्टर वित्त वर्ष 27 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है : रिपोर्ट

**मुम्बई, 21 अगस्त (एजेंसी)।** एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच खर्च में कुछ सुधार के कारण भारतीय आईटी सेक्टर वित्त वर्ष 27 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मध्यम से दीर्घावधि में, रिपोर्ट में स्थिर मुद्रा में भारतीय आईटी उद्योग के लिए 3-5 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) की उम्मीद जताई गई है।

कई कॉर्पोरेट ग्राहक अच्छे वित्तीय प्रदर्शन के बावजूद टैरिफ अनिश्चितता और कंपनियों द्वारा निवेश रोके जाने के कारण वृहद परिवेश को लेकर अनिश्चित हैं

रिपोर्ट में कहा गया है, टॉप अमेरिकी कंपनियों (भारतीय आईटी के क्लाइंट) के हालिया वित्तीय परिणाम एक बहुत ही मजबूत कारोबारी माहौल को दर्शाते हैं। निष्कर्षों के अनुसार, हमारा मानना ??है कि इनमें से कई कॉर्पोरेट ग्राहक अच्छे वित्तीय प्रदर्शन के बावजूद टैरिफ अनिश्चितता और कंपनियों द्वारा निवेश रोके जाने के कारण वृहद परिवेश को लेकर अनिश्चित हैं।



**भारतीय आईटी सेक्टर का लगभग दो-तिहाई राजस्व एप्लिकेशन विकास, रखरखाव और परीक्षण सेवाएं प्रदान करने से आता है?**

रिपोर्ट में कहा गया है, जैसे-जैसे कारोबारी माहौल में विश्वास बढ़ रहा है, हमें खर्च में कुछ सुधार की उम्मीद है और इसलिए वित्त वर्ष 27 में भारतीय आईटी के लिए 6-7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान अभी भी काफी संभव है। भारतीय आईटी सेक्टर का लगभग दो-तिहाई राजस्व एप्लिकेशन विकास, रखरखाव और परीक्षण सेवाएं प्रदान करने से आता है। पिछले कुछ वर्षों में, इस व्यवसाय की उत्पादकता में लगातार सुधार हो रहा है।

**हाल के महीनों में, विकास लागत पर एआई के प्रभाव ने राजस्व वृद्धि को प्रभावित किया है?**

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो-तीन वर्षों में, क्लाउड पर स्थानांतरण के बाद सुधार की एक लहर आई है। जैसे-जैसे पुराने उच्च रखरखाव वाले एप्लिकेशन माइक्रो-सर्विसेज में परिवर्तित हुए और क्लाउड पर होस्ट किए गए, डाउनस्ट्रीम रखरखाव कार्य में कमी आई है। हाल के महीनों में, विकास लागत पर एआई के प्रभाव ने राजस्व वृद्धि को प्रभावित किया है। हमारा मानना है कि अगले दो-तीन वर्षों में इस प्रवृत्ति में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है।

**हम जीसीसी वृद्धि में कुछ नरमी देख रहे हैं, लेकिन इस चक्र के उलट होने की संभावना कम है?**

ग्लोबल आईटी खर्च में भारतीय आईटी का हिस्सा अब काफी महत्वपूर्ण है (राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत और मात्रा में 35-40 प्रतिशत) और उसी गति से बढ़ना मुश्किल है। वृद्धिशील राजस्व वृद्धि पिछले वर्षों के अनुरूप है।रिपोर्ट में कहा गया है, सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों के नजरिए से, जीसीसी (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स) का प्रभाव संरचनात्मक रहा है और इसके उलट होने की संभावना कम है। हालांकि, हम जीसीसी में वृद्धि में कुछ नरमी देख रहे हैं, लेकिन इस चक्र के उलट होने की संभावना कम है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कंपनियों के मजबूत नतीजों के साथ हमें उम्मीद है कि मांग में कुछ तेजी आएगी क्योंकि कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए तकनीक में निवेश जारी रखना होगा। इसलिए, हमारा मानना ??है कि वित्त वर्ष 2027 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि दर में सुधार अभी भी संभव है।(इनपुट-आईएएनएस)

# 799 रुपये वाले प्लान को बंद करने का जियो ने खंडन किया

## कम कीमत पर अधिक डेटा उपलब्ध करा रही है कंपनी- रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 21 अगस्त।** रिलायंस जियो के टैरिफप्लान अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों की तुलना में अभी भी सबसे सस्ते बने हुए हैं। एनालिस्ट हाउस बीएनपी पारिबास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हालिया टैरिफमें किए गए बदलावों के बावजूद जियो के लोकप्रिय प्लान्स सस्ते होने के साथ अधिक डेटा भी उपलब्ध करा रहे हैं।

रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि टेलीकॉम सेक्टर की तीनों बड़ी कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के एंट्री लेवल प्लान्स अब 299 रु के हो गए है। पर रिलायंस जियो के ग्राहकों को एक जैसी कीमतों के बावजूद अधिक डेटा मिल रहा है।


बीएनपी पारिबास ने एक टेबल जारी कर बताया है कि कीमतों के हिसाब से देंखे तो 299रु वाले 28 दिनों के प्लान में रिलायंस जियो 1.5 जीबी डेटा रोजाना उपलब्ध कराता है। वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 299 रु में सिर्फ 1 जीबी डेटा प्रतिदिन ही ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए देते हैं।

इसे दूसरी तरह से देखें तो जहां रिलायंस जियो 28 दिनों के 1.5 जीबी प्लान के लिए 299रु ले रहा है वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया समान अवधि के 1.5 जीबी प्लान के लिए 50रु ज्यादा यानी 349 रु चार्ज कर रहे हैं।

इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय प्लान्स मे से एक 84 दिनों वाले 1.5 जीबी प्रतिदिन के प्लान के लिए जहां एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 859 रु ले रहे हैं। वहीं जियो इसी तरह के प्लान के लिए 60 रु कम यानी मात्र 799 रु ही ग्राहकों से ले रहा है।

इसी 799 रु वाले रिलायंस जियो के रिचार्ज प्लान को बंद करने की खबरें आई थी, जिसका कंपनी ने खंडन किया है। एक बयान में कंपनी ने जानकारी दी है कि 799रु वाला प्लान फ़ोनपे, गूगल पे, पेटीएम सहित कई लोकप्रिय पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म पर रिचार्ज के लिए उपलब्ध है। कंपनी की वेबसाइट और ऐप पर तो इसे रिचार्ज कराया ही जा सकता है। जियो हर ज़रूरत के हिसाब से किफ़ायती और सुविधाजनक रिचार्ज विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एचडीएफसी बैंक ने भारत जीपीटी क्रिएटर कोरोवर में निवेश किया



**मुंबई, 21 अगस्त।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक अग्रणी संवादात्मक एआई कंपनी कोरोवर में निवेश की घोषणा की है। कोरोवर एक अग्रणी, संप्रभु और उद्यम-स्तरीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है जिसने भारतजीपीटी का निर्माण किया है।

कोरोवर का उपयोगकर्ता आधार लगभग 1 अरब है और इस पर 25,000 से अधिक उद्यम और डेवलपर्स भरोसा करते है जो संवादात्मक एआई एजेंट, एआई सहायक (वीडियोबॉट, वॉयसबॉट, चैटबॉट) और टेलीफोनी एआई समाधान विकसित करता है। ये समाधान भारतजीपीटी द्वारा संचालित हैं, जो एक बहुभाषी, बहुविध और डोमेन-अनुकूलनीय एलएलएम है, जिसे पूरी तरह से भारत में, भारत के लिए बनाया गया है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड ट्रेजरी, अरूप रक्षित ने कहा, ÷भारतजीपीटी का विकास, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में कई भारतीय भाषाओं में सूचनाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है, ने कोरोवर को हमारे लिए विशिष्ट बना दिया है।

# आईफोन-17 लॉन्च से पहले एप्पल ने बेंगलुरु में किराये पर लिया ऑफिस

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** iPhone निर्माता Apple India ने बेंगलुरु में लगभग 2.7 लाख वर्ग फुट ऑफिस स्पेस 10 साल के लिए लीज पर लिया है, जिसकी शुरुआती मासिक किराया राशि 6.3 करोड़ रुपये है. यह जानकारी डेटा एनालिटिक्स फर्म Propstack ने दी है. Apple भारत से मोबाइल फोन का सबसे बड़ा निर्यातक है. वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी ने लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये के iPhones का निर्यात किया.

**कई मंजिले और कार पार्किंग:** कंपनी ने रियल एस्टेट फर्म Embassy Group से कई मंजिलें और कार पार्किंग स्पेस लीज पर लिया है. Propstack के अनुसार, Apple अगले 10 सालों में किराया, कार पार्क और मेंटेनेंस चार्ज के रूप में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करेगा. यह जानकारी लीजिंग ट्रांजैक्शन के रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट की समीक्षा के बाद सामने आई है.


हालांकि Apple ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. लीज 120 महीने या 10 साल के लिए साइन की गई है, जो 3 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी. Apple का यह नया निवेश तब आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कंपनी को भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार करने के लिए खुलेआम आलोचना की थी.

प्रारंभिक किराया 235 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह है और कंपनी ने 31.57 करोड़ रुपये की जमा राशि दी है. किराया हर साल 4.5 प्रतिशत बढ़ेगा, जिससे कुल भुगतान 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा. दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी ने Embassy Zenith में 5वीं से 13वीं मंजिल तक के नौ फ्लोर लीज पर लिए हैं. Apple के कई इंजीनियरिंग टीमें बेंगलुरु और हैदराबाद में फैली हुई हैं.

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का कपड़ा निर्यात सकारात्मक वृद्धि की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के कपड़ा और परिधान क्षेत्र ने जुलाई में सकारात्मक वृद्धि की राह पर अग्रसर होकर मजबूती का प्रदर्शन किया है, जिससे रोजगार, निर्यात और आर्थिक विकास के प्रमुख चालक के रूप में इस क्षेत्र की भूमिका की पुष्टि होती है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफकमर्शियल इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के अनुमानों के अनुसार, जुलाई में प्रमुख कपड़ा वस्तुओं का निर्यात 3.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष इसी महीने के 2.94 अरब डॉलर की तुलना में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

अप्रैल-जुलाई 2025 की अवधि के लिए, संचयी कपड़ा निर्यात 12.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 11.73 अरब डॉलर के आंकड़े से 3.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



सेगमेंट-वाइज आंकड़े दर्शाते हैं कि इस वर्ष जुलाई में रेडीमेड कपड़ों का निर्यात 1.34 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई 2024 के 1.28 अरब डॉलर से 4.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष अप्रैल-जुलाई के लिए संचयी निर्यात 7.87 प्रतिशत बढ़कर 5.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 5.13 अरब डॉलर था। सूती वस्त्र (सूती धागे, कपड़े, मेड-अप और हथकरघा) का निर्यात जुलाई 2024 के 970.5 मिलियन डॉलर से 5.2 प्रतिशत बढ़कर 1.02 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-जुलाई 2025 के लिए संचयी निर्यात 3.88 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 3.89 अरब डॉलर से लगभग अपरिवर्तित रहा।

**कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं बलौदाबाजार (छ.ग.)**

nagarsenabalodabazar@gmail.com 07727-299404

**//सूचना//**

क्रमांक/535/प्रशि./2025 बलौदाबाजार, दिनांक 19/08/25

**छत्तीसगढ़ नगर सेना विभाग के रायपुर संभाग के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले हेतु 55 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) के भर्ती परिणाम की सूचना**

नगर सेना विभाग के रायपुर संभाग के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 55 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती कार्यवाही की गई है। जिसका भर्ती परिणाम दिनांक 08.08.2025 को विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दिया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाईट https://www.cghgcd.gov.in/ एवं https://firenoc.cg.gov.in/ में अपलोड किया गया है। नगर सैनिक भर्ती परीक्षा परिणाम हेतु अभ्यर्थी वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं तथा चयनित अभ्यर्थी दिनांक 01.09.2025 से 10.09.2025 तक कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना बलौदाबाजार में उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

**जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी बलौदाबाजार**

जी- 252602890/5

## एक नजर

### छग में 25 सब इंस्पेक्टर बने इंस्पेक्टर इसमें रायपुर के 6 अफसर शामिल



**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ पुलिस के 25 सब इंस्पेक्टर का इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन हुआ है। इसमें रायपुर के 6 सब इंस्पेक्टर भी शामिल है। फिलहाल सभी प्रमोटेड अफसर उसी जिले में सेवा देते रहेंगे, जहां उनकी पोस्टिंग है। डीजीपी ने आदेश में कहा है कि नवीन पदस्थापना आदेश अलग से जारी किया जाएगा।

### पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं रखेंगी 26 को हरितालिका व्रत

**रायपुर, 21 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर सुहागिन महिलाओं द्वारा राजधानी सहित प्रदेश भर में पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत 26 अगस्त को धारण किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए माता पार्वती ने भादो तृतीया तिथि पर ही पूजा विधिवत कर उन्हें पाने की मनोकामना की थी तब से यह व्रत महिलाओं द्वारा रात भर भोले भंडारी माता गौरी एवं मां पार्वती की संयुक्त पूजा घरोंघर फूलेरा बांधकर की जाती है। उक्त पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। बसों एवं ट्रेनों में खचाखच भीड़ जा रही है। छग में यह पर्व धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा है। इस दिन महिलाओं द्वारा सुबह से स्नान कर श्रृंगार कर पति की आयु के लिए सज संवरकर निर्जला व्रत किया जाता है। इस व्रत से जहां पति के सभी कार्य भोलेनाथ की कृपा से सफल होते हैं। वहीं द्वितीय दिवस गणेश चतुर्थी के अवसर पर महिलाओं द्वारा व्रत तोड़ा जाता है।

### गणपति उत्सव की तैयारी शहर में जारी, गणेश चतुर्थी 27 को

**रायपुर, 21 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व भादो मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी कड़ी में राजधानी सहित प्रदेश भर के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरशोर से जारी है। इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा गणेश संचालक समितियों को सड़कें घेरकर शामियाना न लगाने के निर्देश दिये गये है। साथ ही समस्त घटनाक्रमों के लिए सीसी टीवी लगाने का निर्देश जारी किया है। डीजे रात दस बजे के बाद नहीं बजेंगे। शहर में सदर बाजार, मालवीय रोड, रामसागर पारा, जीई रोड, आमापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, चौबे कालोनी, सुंदर नगर सहित अनेक स्थानों पर गणपति उत्सव की तैयारी के लिए युवाओं की टोली उत्साह से लगी हुई है। 27 से शुरू होने वाला गणेश उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। अनेक गणेश उत्सव समितियों द्वारा गणेश स्थापना के दौरान रंगीन आतिशबाजी बैंडबाजा एवं बाहर से कलाकारों को बुलाकर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि पर 24 को कार्यक्रम

**रायपुर , 21 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से नगर पालिक निगम रायपुर के पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि दिनांक 24 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में बूढ़ापारा में नगर पालिक निगम रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित उनके मूर्ति स्थल पर उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि आयोजन हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 जोन कमिश्नर को बूढ़ापारा में बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित नगर पालिक निगम रायपुर के पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि दिनांक 24 अगस्त 2025 को उनके मूर्ति स्थल और आसपास के क्षेत्र में आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुडियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था करवाने निर्देशित किया गया है।

# लैब टेक्नीशियन के एग्जाम में पास 102 कैंडिडेट अब नॉन-एलिजिबल

## जॉब के लिए पर्याप्त एजुकेटेड नहीं, इनमें लगभग इंजीनियरिंग वाले; 2023 में हुई थी परीक्षा



**रायपुर, 21 अगस्त।** व्यापम ने उच्च शिक्षा विभाग के लिए साल 2023 में लैब टेक्नीशियन के सीधी भर्ती के लिए एक्जाम कंडक्ट कराया था। विभाग ने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पात्र और अपात्र कैंडिडेट की लिस्ट जारी की है। जिसमें 102 उम्मीदवारों को शैक्षणिक योग्यता अधूरी होने के कारण अयोग्य घोषित किया गया है।

वहीं, 348 उम्मीदवारों ने सभी स्टैंडर्ड को पूरा किया है। अयोग्य अभ्यर्थियों में 73 से अधिक ऐसे हैं। जिन्होंने अलग-अलग ब्रांच से इंजीनियरिंग की डिग्री ली है। हालांकि 21 अगस्त यानी आज से 4 सितंबर तक ये कैंडिडेट अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियों के जांच के बाद ही अंतिम सूची जारी की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि अपात्र पाए गए उम्मीदवार अपनी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण प्रस्तुत करने में सफल होते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी दोबारा मान्य की जा सकती है। इसी कारण से आपत्ति दर्ज करने का अवसर प्रदान किया गया।

**450 पदों पर निकाली गई थी भर्ती:** राज्य शासन ने लैब टेक्नीशियन के 450 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इसमें से 260 पद सामान्य भर्ती के लिए और 190 पद संविदा से नियमितिकरण के लिए रिजर्व रखे गए थे। आवश्यक योग्यता में स्नातक की उपाधि के साथ प्रयोग शाला का विषय होना अनिवार्य था। कई अभ्यर्थियों ने अन्य विषयों से स्नातक या डिप्लोमा किया, जिसके कारण उनकी उम्मीदवारी खारिज कर दी गई।

### छग पुलिस में आरक्षक भर्ती के लिए आवेदन जारी, लिखित परीक्षा 14 सितंबर को

**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ पुलिस में सिपाही, ड्राइवर और ट्रेडमैन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। इच्छुक उम्मीदवार 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत कुल 5967 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में फिजिकल टेस्ट पूरा हो चुका है। अब शारीरिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

यह भर्ती प्रदेश के छह पुलिस रेंज के अंतर्गत आने वाले 33 जिलों के अलावा रेलवे पुलिस, चंदखुरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट और पुलिस मुख्यालय एमटी पुल के लिए की जा रही है।

# सस्पेंड आबकारी अफसर कोर्ट में नहीं हुए पेश

■ वारंट जारी, शराब घोटाले के सिंडिकेट में शामिल होकर 88 करोड़ कमाए थे, 23 सितंबर को अगली पेशी



**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान 3200 करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। इस घोटाले में आबकारी विभाग के अफसरों पर 88 करोड़ रुपए सिंडिकेट से कमाने के आरोप लगे। ईओडब्ढल्यू के अधिकारियों ने जांच के बाद इस बात की पुष्टि की। ईओडब्ढल्यू की एफआईआर के बाद राज्य सरकार ने 22 अफसरों को सस्पेंड कर दिया। श्वह्रङ्ख के अफसरों ने जांच के बाद चालान कोर्ट में पेश कर दिया है। ईओडब्ढल्यू के चालान पेश करने के बाद कोर्ट ने आबकारी अधिकारियों को बुधवार 20 अगस्त को कोर्ट में पेश होने के निर्देश जारी किए थे। कोर्ट के इस निर्देश के बाद भी आबकारी अफसरों ने बुधवार को न्यायालय में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। अब कोर्ट ने गैरमौजूद अधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। जमानती वारंट जारी करने के साथ ही आबकारी अफसरों को 23 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के इस निर्देश का पालन आबकारी अफसर नहीं करेंगे, तो उनकी परेशानी बढ़ सकती है।

**200 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर ईओडब्ल्यू ने किया खुलासा:** शराब घोटाले की परतें खोलने के लिए ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने अब तक 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। इनमें कारोबारी, आबकारी विभाग के अफसर, रकम पहुंचाने वाले एजेंट, हवाला कारोबारियों समेत कई अन्य लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

# मंत्री गजेंद्र यादव ने श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना की



**रायपुर, 21 अगस्त।** मंत्री गजेंद्र यादव ने श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने ङ्क पोस्ट में बताया, दुर्ग प्रस्थान से पूर्व, राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में रामदरबार के दर्शन कर, प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व मंगल की प्रार्थना की तथा छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया। दुर्ग के विद्युत नगर के एक छोटे से मकान में रहने वाले गजेंद्र यादव ने छात्र जीवन से ही राजनीति में कदम रख दिया था। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ व पूर्व मुख्यमंत्री अरुण वोरा को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

वार्ड अध्यक्ष से शुरुआत करने वाले गजेंद्र यादव नगर निगम पार्षद, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव और स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाली है।गजेंद्र यादव का राजनीतिक सफर वर्ष 1996 में दुर्ग के साइंस कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई के दौरान शुरू हुआ। उस समय वे दिवंगत सांसद ताराचंद साहू के लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय थे। उनकी सक्रियता को देखते हुए भाजपा ने वर्ष 1998 में उन्हें वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी।

# बजरंग केमिकल डिस्टिलरी के ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

■ शव लेकर कंपनी के बाहर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन, तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा देने के आश्वासन के बाद वापस लौटे



**रायपुर, 21 अगस्त।** बुधवार 20 अगस्त की रात बजरंग केमिकल डिस्टिलरी एलएलपी कंपनी के ट्रैक्टर की चपेट में आने से ग्राम रानीसागर के रहने वाले युवक मौत हो गई। घटना के बाद आज परिजन और बड़ी संख्या में गांव के लोग युवक का शव लेकर कंपनी के बाहर जमा हो गए और उचित मुआवजा, दोषी चालक के खिलाफकार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पुलिस के हस्तक्षेप के बाद कंपनी की ओर से तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने के आश्वासन के बाद ग्रामीण धरना खत्म कर वापस लौटे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुकाबिक, चालक तेज रफ्तार में अपना नियंत्रण ट्रैक्टर पर से खो बैठा और 22 वर्षीय गिरीश कुमार साहू को टक्कर मार दी। इस दौरान उसकी मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था। घटना के तुरंत बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हादसे के बाद आज मृतक के परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में कंपनी के बाहर जमा हो गए। उनका आरोप था कि कंपनी वाले आरोपी ट्रैक्टर चालक को बचाने के लिए ट्रैक्टर को अंदर रख रहे हैं और उन्हें अंदर जाने नहीं दे रहे।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मृतक के परिवार और ग्राम सरपंच को कंपनी के अंदर जाने की अनुमति मिली। ग्रामीणों ने वहां उचित मुआवजा, दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई, और ट्रैक्टर की जांच की मांग की। इस दौरान कंपनी ने तुरंत पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने का फैसला किया और भविष्य में उचित मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद ग्रामीण शव लेकर वापस लौट गए।

आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और फरार आरोपी ट्रैक्टर चालक की खोज में जुट गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी 22 से जाएंगे कलमबंद हड़ताल पर

**रायपुर, 21 अगस्त।** शासकीय कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि सभी शासकीय कार्यालय से संबद्ध विभिन्न विभाग के कर्मचारी कल 22 अगस्त शुक्रवार से कलमबंद हड़ताल पर जा रहे है।




प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि हम अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर कल से जा रहे हैं जिसके कारण संचालनालय जिलाधीश कार्यालय स्कूल, तथा अन्य विभागों के कर्मचारी हमारे साथ हड़ताल पर रहेंगे। जिसके कारण आवश्यक कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। राज्य में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन सबसे बड़ा संगठन है जो कि आए दिन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चला जाता है। छग सरकार ने हाल ही में केंद्र के समकक्ष डीए दिये जाने की घोषणा की थी।

प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा का कहना है कि यह घोषणा पूर्व में लागू की जानी थी लेकिन इसमें समय नहीं बताया गया है। उन्होंने सभी साथियों से हड़ताल पर जाने का आह्वान किया है। इधर मितानीन भी हड़ताल पर चले गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी भी इस समय हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण इस समय स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है।

# सुनील सोनी ने पार्षदों की बैठक लेकर की कार्यों समीक्षा की



**रायपुर, 21 अगस्त।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर नगर निगम जोन 4 कार्यालय पहुंचकर कार्य की समीक्षा बैठक लेकर बिन्दुवार जनहित में आवश्यक निर्देश दिये। रायपुर दक्षिण विधायक ने सदर बाजार वार्ड में विभिन्न मुख्य मार्गो पर पेयजल लाईन के ऊपर अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य करके केबल लाईन डाले जाने पर अपनी गहन अप्रसन्नता व्यक्त की। दक्षिण विधायक ने अभियान चलाकर अगले डेढ़ माह के भीतर पाईप लाईन और केबल लाईन को अलग करके सुरक्षित करना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के कडे निर्देश दिये है।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन कार्यालय जनसमस्याएं लेकर प्रतिदिन आने वाले आमजनो की समस्याओं का निदान नहीं होने एवं टाल मटोल होने को लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की है। श्री सुनील सोनी ने कहा कि नगर निगम में जोन का गठन एवं जोनकमिश्नर की पदस्थापना इसीलिए की गई है कि जोन के वार्डो की जनता को त्वरित राहत मिले और उनकी मूलभूत समस्याओं सफाई, पानी, लाईट, सडक आदि संबंधी कार्य त्वरित रूप से जोन में ही हो सके। जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों को पार्षदों के साथ समन्वय रखकर आमजनों की समस्याएं सुनकर जोन में ही उनका त्वरित निदान करने की प्रशासनिक व्यवस्था तत्काल बनानी होगी। ताकि अनावश्यक रूप से आमजनों को अपने दैनिक कार्यों के लिए इधर - उधर ना भटकना पडे। रायपुर दक्षिण विधायक ने रावणभाठा फिल्टरप्लांट, अमृत मिशन योजना के कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर शहर की पानी टंकियों में जल का भराव पर्याप्त रूप से सुनिश्चित करके नागरिको को जल आपूर्ति करने के निर्देश दिये। जोन स्तर पर उप अभियंताओं को लगाकर जोन क्षेत्र की पानी टंकियों में पूर्ण भराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। दक्षिण विधायक ने दीपावली पर्व के पूर्व सभी वार्डों में बन्द स्ट्रीट लाईट को सुधारकर जलवाना और अच्छी प्रकाश व्यवस्था देना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. साथ ही यह निश्चित करने के निर्देश दिए कि जोन के सभी वार्डों में घरों में व्यवस्था के तहत दिन में दो बार एक- एक घण्टे की पेयजल आपूर्ति सतत हो और कोई भी समस्या आने पर पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण स्थल पर पहुंचकर किया जाये.

# स्टेट जीएसटी विभाग ने 19.65 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी



■ रायपुर से एक आरोपी गिरफ्तार, 18 फर्जी व्यापारियों से दिखाई थी खरीदी

**रायपुर, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ स्टेट जीएसटी विभाग ने 19.65 करोड़ की कर चोरी का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने 18 फर्जी व्यवसायियों से खरीदी दिखाकर खरीदी टैक्स क्रेडिट का फ्रॉड किया था। आरोपी ने इसे कई दूसरे व्यापारियों को भी टैक्स चोरी कर फायदा दिलाया है जिसकी जांच चल रही है।

जीएसटी विभाग के अफसरों से मिली जानकारी के मुताबिक, महावीर माउलड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अंकित सिंह ने 18 फर्जी व्यवसायियों से खरीदी दिखाया। जिसके एवज में 19.65 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट का फ्रॉड किया। आरोपी ने इसे अन्य व्यवसायियों को भी आगे पास ऑन किया। जिससे राजस्व को क्षति पहुंची।

इस मामले में मजिस्ट्रेट रायपुर के कोर्ट के आदेश से आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जीएसटी में धोखाधड़ी को रोकने के लिए विभाग के अफसर कई अन्य कंपनियों की जांच कर रहे हैं। आरोपी अंकित सिंह से जुड़ी तीन अन्य कंपनियों की जांच जारी है।

**अच्छी पहल** | **संभव ग्रुप ने थैलेसीमिया पीड़ितों व जरूरतमंदों के लिए लगाया रक्तदान शिविर**

# शिविर में 73 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

**रायपुर, 21 अगस्त।** समाज के प्रति अपने कर्तव्य के लिए प्रतिबद्ध, संभव ग्रुप ने 14 और 15 अगस्त को दो सफल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों और अन्य जरूरतमंद मरीजों के जीवन को सुरक्षित करना था। इस समाज कार्य में कंपनी के निदेशक मंडल, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 73 यूनिट ब्लड का संग्रह संभव हो पाया।



इस मानवीय पहल में 14 अगस्त को संभव ग्रुप के रायपुर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। काश फाउंडेशन, रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर 27 यूनिट रक्त दान किया, जो उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पण का एक सशक्त प्रमाण है। इस अवसर पर संभव ग्रुप के चेयरमैन एवं कार्यकारी निदेशक श्री सुरेश गोयल और प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री विकास गोयल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, श्री सुरेश गोयल ने कहा, यह रक्तदान शिविर हमारे व्यावसायिक मूल्यों का एक अभिन्न अंग है। हम मानते हैं कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि मानवीय योगदान से होता है। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए यह एक जीवन-रक्षक कदम है, और हमें इस नेक कार्य में अपना योगदान देकर अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। अगले दिन, 15 अगस्त, को संभव ग्रुप के तिल्दा ब्लॉक स्थित सरोरा प्लांट, में इस अभियान को आगे बढ़ाया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कर्मचारियों ने अभूतपूर्व उत्साह का परिचय देते हुए 46 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन श्री विकास गोयल और प्रशासनिक विभाग के सहायक सह-संचालक श्री दुर्गेश आदिल उपस्थित थे। श्री विकास गोयल ने इस सार्थक पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷रक्तदान वास्तव में सबसे बड़ा दान है, और एक भारतीय होने के नाते मानव कल्याण की हमारी भारतीय संस्कृति के

# सोच अच्छी और दिशा सही हो तो सफलता अवश्य मिलती है : डॉ. लाल उमेद सिंह

**रायपुर, 21 अगस्त।** अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि सोच अच्छी हो और दिशा सही हो तो सफलता अवश्य मिलती है। डॉ. सिंह ने कहा कि समाज ने हमे इतना कुछ दिया है तो हमे भी अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों का विपरीत परिस्थिति के बाद भी जीवन के प्रति जो नजरिए है वह सब हमारे लिए अनुकरणीय है। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि अपने गांव में निर्धन और प्रतिभावान सौ छात्रों के लिए कोचिंग सेंटर संचालित करते है। इन छ्त्रों को प्रतियोगिता परिक्षा के लिए पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसअवसर पर एसएसपी डॉ. सिंह ने समाज सेवा के क्षेत्र में



उत्कृष्ट कार्य करने वाले राउंड टेबल और महेश्वरी युवा मंडल के पदाधिकारियों का सम्मान किया।

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने इस अवसर बताया कि यहां अध्ययनरत कुछ बच्चों के माता- पिता भी नहीं है। अपने घर के संतान की तरह करते हैं। दुबे ने कहा कि पिछले पांच वर्षो से विपरीत परिस्थितयों के बाद भी राजेन्द्र नगर के बजाज कालोनी में मूक-बधिर बच्चों को शिक्षा के साथ ही कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है ताकि बच्चे आत्मनिर्भर बन सके।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, एडिशनल एस पी सतीश ठाकुर और ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने दिव्यांग बच्चों को यूनीफॉर्म और स्टेशनरी सामग्री प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के निलेश मूंधड़ा, अर्पण कल्याण समिति के धनंजय त्रिपाठी, विरेन्द्र शर्मा, डॉ. राकेश पांडेय, दिनेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा और प्राचार्य कमलेश शुक्ला भी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26